RNI: UPHIN/2015/60902

राजधानी से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.theachivertimes.com

डाक पंजीयन संख्या
एस.एस.पी.एल.डब्लू/एन पी.439/2015-2017

द अचीवर टाइम्स

वर्ष : 9 अंक : 240
पृष्ठ : 8 मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, शनिवार, 23 दिसम्बर, 2023

एक नज़र

केजरीवाल सरकार की फिर बढ़ी मुश्किलें नकली दवाएं खरीदने का है आरोप

नई दिल्ली। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल सरकार की एक बार फिर मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। उपराज्यपाल ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को चिट्ठी लिखी है। दिल्ली सरकार के अस्पतालों में नकली दवाओं की सतर्कता रिपोर्ट पर सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली सरकार पर कथित शराब घोटाला मामले के आरोप लगे थे। जिसमें जांच चल रही है। वहीं अभी भाजपा दिल्ली सरकार पर जल बोर्ड में घोटाले के भी आरोप लगा रही है। बीते दिनों भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने प्रेस वार्ता के दौरान एक और बड़े घोटाले का दावा किया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि भ्रष्टाचार केजरीवाल की गारंटी है। जल बोर्ड में घोटाला किया जा रहा है। ठेके का पैसा बढ़ेगा तो लूट तो मचेगी। वहीं, दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अलावा सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन (सीबीआई) को पत्र लिखकर जांच की मांग की थी।

यूपी पुलिस में 60 हजार सिपाहियों की भर्ती का कार्यक्रम जारी, 27 दिसंबर से करें आवेदन

लखनऊ। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने नागरिक पुलिस में 60,244 सिपाहियों की सीधी भर्ती के लिए शनिवार को अधिसूचना जारी कर दिया है। इसके साथ ही आवेदन की तिथि भी घोषित कर दी गई है। भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने वाले अभ्यर्थी 27 दिसंबर से 16 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन में संशोधन और शुल्क समायोजन के लिए अंतिम तिथि 18 जनवरी रखी गई है। अभ्यर्थी भर्ती से संबंधित जानकारी के लिए उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर जाकर सारी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

बीजेपी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न

2024 में भारी बहुमत के साथ वोट प्रतिशत बढ़ाने का लक्ष्य

एजेंसी

नई दिल्ली। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों और कार्यक्रमों की रुपरेखा तय करने के लिए शुक्रवार को शुरू हुई भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की दो दिन की बैठक आज समाप्त हो गई. बैठक दिल्ली में पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में हुई। सूत्रों के मुताबिक बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव की तैयारी करने, मिशन 2024 के लिए कमर कसने का आह्वान किया।

सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी पूरे देश में महिला, युवा, किसान और गरीबों को पार्टी से जोड़ने के लिए अभियान चलाएगी. प्रधानमंत्री मोदी जनवरी में देश भर के युवाओं को संबोधित करेंगे. बीजेपी ने लोकसभा चुनाव में 35 करोड़ वोट पाने का लक्ष्य रखा है. इसके तहत विभिन्न योजनाओं के सात करोड़ लाभार्थियों तक पहुंचने की रणनीति बनाई गई है। अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी बीजेपी कार्यकर्ता अपने-अपने इलाके के मंदिर में पूजन और लाइव प्रसारण की व्यवस्था करेंगे। 22 जनवरी के बाद हर राज्य से ट्रेन के जरिए लोगों को अयोध्या ले जाकर भगवान राम के दर्शन कराए जाएंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा गया है कि राम मंदिर से जुड़ी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर ज्यादा से ज्यादा साझा करें और लोगों से चर्चा करें।

सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी पूरे देश में महिला, युवा, किसान और गरीबों को पार्टी से जोड़ने के लिए अभियान चलाएगी, प्रधानमंत्री मोदी जनवरी में देश भर के युवाओं को संबोधित करेंगे

बीजेपी ने कार्यकर्ताओं से बूथ लेवल पर हर एक मतदाता के संपर्क में रहने को कहा है। कहा गया है कि, कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ के मतदाताओं के घर जाकर उनसे मिलें। भारत की बढ़ती वैश्विक ताकत और योजनाओं के बारे में लोगों को बताएं।

विधानसभा चुनावों में बीजेपी की बड़ी जीत की प्रशंसा

बैठक में हाल के विधानसभा चुनावों में बीजेपी की बड़ी जीत की प्रशंसा की गई। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के अध्यक्षों ने जीत पर अपने विचार रखे। बीजेपी की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा, नई दिल्ली में आयोजित भाजपा की दो दिवसीय राष्ट्रीय पदाधिकारी बैठक में सम्मिलित हुआ. इस अवसर पर मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भाजपा संगठन द्वारा किए गए विभिन्न नवाचारों व प्रत्येक बूथ पर 51 प्रतिशत वोट पाने की गतिविधियों के बारे में जानकारी साझा की।

बीजेपी की नजर वोट प्रतिशत बढ़ाने पर

नई दिल्ली। बीजेपी की नजरें 2024 के लोकसभा चुनाव में भारी जीत हासिल करने पर टिकी हैं और इसके मद्देनजर पीएम मोदी ने संगठन के प्रमुख नेताओं से पार्टी का वोट प्रतिशत 10 प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में काम करने को कहा है। बैठक के समापन दिवस पर पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों और प्रदेश अध्यक्षों को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बीजेपी का प्रदर्शन ऐसा होना चाहिए कि विपक्ष स्तब्ध हो जाए। विपक्षी गठबंधन %इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस और बीजेपी के बीच सीधी लड़ाई की संभावना के बीच पीएम मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से आने वाले लोकसभा चुनाव में 2019 के चुनावों की तुलना में पार्टी के वोट प्रतिशत में 10 प्रतिशत की वृद्धि करने का आह्वान किया. सन 2019 के चुनाव में बीजेपी को 37 प्रतिशत से अधिक वोट मिले थे जबकि उसके नेतृत्व वाले एनडीए को करीब 45 प्रतिशत वोट मिले थे।

सन 2014 में केंद्र में सत्ता में आने के बाद से बीजेपी ने विधानसभा चुनावों में अपने वोट प्रतिशत को 50 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए हैं और कुछ चुनावों में उसे सफलता भी मिली है। बैठक में अमित शाह ने हाल ही में मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में बीजेपी के प्रदर्शन का उल्लेख किया और 50 प्रतिशत वोट हासिल करने के लक्ष्य के लिए राज्य संगठन की सराहना की. सूत्रों ने बताया कि मोदी की तरह शाह ने भी चुनावों में संगठन की प्रमुखता को रेखांकित किया और कहा कि पार्टी को इतनी भारी जीत मिलनी चाहिए कि विपक्ष उसे चुनौती देने से पहले कई बार सोचे। सूत्रों ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने जीत के लिए सीट संख्या का कोई विशिष्ट लक्ष्य निर्धारित नहीं किया, लेकिन ऐसी जीत सुनिश्चित करने पर जोर दिया जो 2019 के प्रदर्शन से बड़ी हो. बीजेपी ने पिछले आम चुनावों में 543 सदस्यीय लोकसभा की 303 सीटें जीती थीं.

पहलवानों के समर्थन में उतरीं खाप पंचायत

साक्षी व बजरंग से फैसला वापस लेने का करेंगे अनुरोध

एजेंसी

जींद (हरियाणा)। खाप प्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार ने बृजभूषण समर्थक को कुश्ती संघ का अध्यक्ष बनाकर धोखा किया है। कुश्ती संघ पर बृजभूषण के समर्थक का कब्जा होने से अखाड़े खाली होने का अंदेशा जताया है। हरियाणा के जींद जिले की सभी 24 खापों के सांझा सर्वखाप अध्यक्ष मंडल ने पहलवानों को समर्थन देते हुए बृजभूषण सिंह के करीबी संजय सिंह के भारतीय कुश्ती संघ का अध्यक्ष चुने जाने पर एतराज जताया है। खापों ने कहा कि वह पहलवानों के साथ हैं और साक्षी मलिक के कुश्ती से संन्यास और बजरंग पूनिया के पद्मश्री लौटाने के फैसले पर दोबारा विचार करने की अपील करते हैं। कंडेला खाप के प्रधान ओमप्रकाश, माजरा खाप के प्रधान गुरविंद्र सिंह संधू, प्रवक्ता समुंद्र सिंह फोर, नौगामा खाप के प्रवक्ता उमेद सिंह जागलान, कंडेला खाप के प्रवक्ता जगत सिंह रेढू ने कहा कि बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक जैसे खिलाड़ी देश का गौरव हैं। साक्षी मलिक के कुश्ती छोड़ने, बजरंग पूनिया द्वारा पद्मश्री लौटाने के फैसले से खापों को भी ठेस पहुंची है और खापें उनके समर्थन में खड़ी हैं। उनकी मांग है कि फेडरेशन को ऐसे लोगों से मुक्त करवाया जाए, जिससे खिलाड़ी इस तरह के फैसले लेने को मजबूर हो रहे हैं। खाप प्रतिनिधि दिलबाग कुंडू, सोमदत्त शर्मा, ओमप्रकाश, वीरेंद्र सिंह ने कहा कि इस तरह के फैसले से तो अखाड़े खाली हो जाएंगे। पद्मश्री खिलाड़ी बजरंग पूनिया को प्रधानमंत्री तक नहीं पहुंचने दिया जा रहा और मजबूरी में वह सड़क पर अपना अवॉर्ड रखकर चले गए। खेलों में राजनीति नहीं होनी चाहिए और न ही राजनीतिक लोग शामिल किए जाने चाहिएं। उम्मेद सिंह जागलान ने कहा कि सरकार ने खिलाड़ियों को आश्वासन दिया था कि फेडरेशन का अध्यक्ष बृजभूषण शरण का कोई नजदीकी नहीं बनेगा बल्कि महिला को अध्यक्ष बनाया जाएगा। सरकार ने खिलाड़ियों के साथ धोखा किया है।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के मामले से नहीं कोई लेना देना

टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री के मामले में शनिवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कंडेला खाप के प्रधान ओमप्रकाश कंडेला, रणधीर रेढू, जगत सिंह रेढू, कृष्ण कंडेला, रमेश, अजमेर दालमवाला, भूरा कंडेला, राजेश शाहपुर तथा पाल सिंह ने कहा कि इससे खाप व जाटों का कोई लेना देना नहीं है। जिस समय डेढ़ साल तक किसानों का दिल्ली में आंदोलन चला, उस समय जगदीप धनखड़ ने किसानों के बारे में एक शब्द भी नहीं बोला। यह एक भाजपा की सोची-समझी साजिश है। देश में भाजपा जाति-पाति के नाम पर लोगों को बांटना चाहती है।

कोहरे में टकराए पांच वाहन, चार घायल

बछरावां (रायबरेली)। लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर कन्नावां के निकट घने कोहरे के चलते पांच वाहनों की आपस में टक्कर हो गई। हादसे में चार कार सवार घायल हो गए, जिनका निजी अस्पताल में इलाज कराया गया। हादसे के चलते हाईवे पर एक घंटे तक वाहनों का आवागमन प्रभावित रहा। इससे लोग परेशान रहे। लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर कन्नावां गांव के निकट हाईवे पर शनिवार सुबह आठ बजे एक स्कूल वैन के मुड़ते समय रायबरेली की ओर से आ रही कार ने टक्कर मार दी। घटना के बाद दोनों वाहनों के रुकते ही पीछे से आ रहे एक कंटेनर ने कार में टक्कर मार दिया। घने कोहरे के चलते चालक कंटेनर लेकर फरार हो गया। इसी दौरान रायबरेली की ओर से आ रहे ट्रक चालक ने घटना को देखते ही ट्रक को रोक दिया, तभी पीछे से आ रही एक दूसरी डिजायर कार ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गई। हादसे में डिजायर कार सवार रायबरेली शहर के छोटी बाजार रंग महल निवासी वैंस फारुकी (36), जैद फारुकी (51), शमीम (71) और गाड़ी चालक कैफ (27) घायल हो गए। सभी लखनऊ एयरपोर्ट पर फ्लाइट पकड़ कर उमरह करने जा रहे थे, तभी हादसा हो गया।

कांग्रेस में हुआ बड़ा फेरबदल

सचिन पायलट पार्टी के महासचिव नियुक्त

एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी संगठन में शनिवार को बड़ा बदलाव कर दिया गया है। राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट को पार्टी का महसचिव नियुक्त करने के साथ ही छत्तीसगढ़ का प्रभारी बनाया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपनी टीम में बड़ा बदलाव करते हुए 12 महासचिवों और 12 प्रदेश प्रभारियों की नियुक्ति की है। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, प्रियंका गांधी को महासचिव के पद पर बरकरार रखा गया है लेकिन फिलहाल उन्हें न तो किसी प्रदेश का प्रभार दिया गया है और न ही कोई अन्य जिम्मेदारी दी गई है। प्रियंका गांधी पिछले करीब पांच साल से उत्तर प्रदेश की प्रभारी की भूमिका निभा रही थीं। अब प्रियंका गांधी के स्थान पर पार्टी महासचिव अविनाश पांडे को उत्तर प्रदेश का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है।

कांग्रेस में केसी वेणुगोपाल संगठन महासचिव बने रहेंगे तथा महासचिव जयराम रमेश भी पार्टी की संचार विभाग के प्रभारी की जिम्मेदारी निभाते रहेंगे। अजय माकन पार्टी के कोषाध्यक्ष की भूमिका निभाते रहेंगे। उनके साथ दो नेताओं मिलिंद देवरा और विजय इंदर सिंघला को संयुक्त कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। रणदीप सिंह सुरजेवाला से मध्य प्रदेश का प्रभार वापस लिया गया है। अब वे सिर्फ कर्नाटक के प्रभारी रहेंगे। उनके स्थान पर जितेंद्र सिंह को मध्य प्रदेश के प्रभार की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। जितेंद्र सिंह पहले से ही असम के प्रभारी हैं। राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट को महसचिव नियुक्त करने के साथ ही छत्तीसगढ़ का प्रभारी बनाया गया है. महासचिव कुमारी सैलजा को छत्तीसगढ़ से हटाकर उत्तराखंड के प्रभारी की जिम्मेदारी सौंप गई है। सुखजिंदर सिंह रंधावा राजस्थान के प्रभारी बने रहेंगे।

न मैं डमी कैंडीडेट और न रबर स्टैंप: कुश्ती महासंघ अध्यक्ष

पहलवानों के विवाद से मुझे मतलब नहीं:संजय सिंह

17 प्रकार के खेलों का ायोजन

सांसद बृजभूषण शरण सिंह के प्रतिनिधि संजीव सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के 17 विकासखंडों के 50 हजार खिलाड़ी शामिल हुए। 17 प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें एथलेटिक्स, कबड्डी, क्रिकेट, खो-खो, पेंटिंग, मेहंदी, रंगोली, वालीबाल, पावर लिफ्टिंग आदि शामिल है।

एजेंसी

गोंडा। सांसद खेल स्पर्धा-2023 के फाइनल राउंड का मुकाबला शनिवार की सुबह नंदिनीनगर स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुरू हुआ। प्रतियोगिता के आयोजक सांसद बृजभूषण शरण सिंह और भारतीय कुश्ती महासंघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह बबलू ने ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता का औपचारिक आगाज किया। खिलाड़ियों संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि कुश्ती की बेहतरी के लिए खजाना खोला जाएगा। धन की कमी के चलते पहलवान का प्रदर्शन प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। दावा किया कि पहले कहा था चुनाव जीतने के बाद कुश्ती प्रतियोगिता कराएंगे। 28 व 29 दिसंबर दिसंबर को प्रतियोगिता कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि जो पहलवान अनावश्यक विवाद कर रहे हैं उससे हमारा कोई लेना-देना नहीं है। न ही मैं डमी कैंडीडेट हूं और न रबर स्टैंप। पहले से ही मैं कुश्ती महासंघ में हूं। खिलाड़ियों का साल बर्बाद न हो इसलिए प्रतियोगिता कराई जा रही है। जिसमें सभी खिलाड़ी शामिल होंगे। सांसद ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए लोगों को खेलों से जुड़ना चाहिए। उन्होंने खेल के क्षेत्र में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई योजनाओं की सराहना की। कहा कि सांसद खेल स्पर्धा भी सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं का हिस्सा है। उद्घाटन सत्र के बाद पांच दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दिन बालक व बालिकाओं के 200, 400 और 1600 मीटर दौड़ के साथ ही लंबी कूद, रस्साकशी और क्रिकेट प्रतियोगिता कराई गई। पहले दिन बालकों के जूनियर 400 मीटर दौड़ में तरबगंज के मुकेश मौर्या ने 55.60 सेकेंड के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। पंड़री कृपाल के राम गुप्ता को दूसरा और और रुपईडीह के आनंद शुक्ला को तीसरा स्थान मिला। सीनियर वर्ग में झंझरी के शिव शुक्ला पहले, युवराज सिंह हलधरमऊ दूसरे और संजीव सिंह फखरपुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालिकाओं के सीनियर वर्ग में 400 मीटर दौड़ में पहला स्थान बेलसर की सोनम, सुधा पांडेय नवाबगंज ने दूसरा और पूजा साहनी परसपुर ने तीसरी स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर में सालमुननिशां बेलसर पहले, कोमल यादव तरबगंज दूसरे और आलिया फखरपुर तीसरे स्थान पर रहीं। बालिकाओं के जूनियर वर्ग में 200 मीटर दौड़ में पहला स्थान बेलसर की सोहिनी ने हासिल की। जबकि निष्ठा रुपईडीह को दूसरा और मनीषा झंझरी को तीसरा स्थान मिला।

प्राण प्रतिष्ठा के दिन अयोध्या के लिए उड़ेंगे 100 विमान

हवाई अड्डे के अलावा बनाए गए तीन हेलीपैड

एजेंसी

लखनऊ। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में 22 जनवरी को बड़ी संख्या में विशिष्ट मेहमान चार्टर्ड प्लेन से आएंगे। इस दिन 100 से ज्यादा विमान रामनगरी आने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में यहां मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे और अब तक बनाए गए तीन हेलीपैड पर इन्हें उतारे जाने में समस्या आ सकती है। इसके लिए प्रशासन ने वाराणसी, प्रयागराज और गोरखपुर में भी वैकल्पिक इंतजाम करने शुरू कर दिए हैं। चार्टर्ड प्लेन की संख्या बढ़ी तो उन्हें इन तीन शहरों के हेलीपैड पर उतरवाने का बंदोबस्त कर मेहमानों को सड़क मार्ग से रामजन्मभूमि तक लाने का प्रबंध किया जाएगा। कमिश्नर गौरव दयाल ने शनिवार को बताया कि इसके लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी से समन्वय कर आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं। वैसे भी पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां समीक्षा बैठक में बताया था कि करीब 100 विमान 22 जनवरी को आ सकते हैं। ऐसे में प्रशासन सभी संभावनाओं पर विचार कर रहा है।

अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले यात्रियों की सुविधा के लिए परिवहन निगम लखनऊ से 50 और स्पेशल बसें अयोध्या के लिए चलाएगा। इससे रूट पर कुल बसों की संख्या 150 हो जाएगी। लखनऊ परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने बताया कि इस रूट पर स्पेशल बसें चलाई जाएंगी। विभिन्न रूटों पर संचालित बसों को भी जरूरत के अनुसार अयोध्या रूट पर लगाया जाएगा। उम्मीद है कि इस रूट पर कम से कम 50 बसें और चलाई जाएंगी।

गाजा में मारे गए इजरायल के पांच सैनिक

बाइडन और नेतन्याहू के बीच हुई युद्ध को लेकर चर्चा

एजेंसी

यरुशलम। इजरायल-हमास के बीच युद्ध को दो महीने से अधिक समय हो गया है। इस बीच इजरायली सेना ने शनिवार को बताया कि गाजा पट्टी में युद्ध के दौरान उसके पांच सैनिक मारे गए हैं। इजरायली सेना ने एक बयान में कहा कि दक्षिणी गाजा में शुक्रवार को उसके चार सैनिक मारे गए थे, जबकि एक सैनिक शनिवार को मारा गया है। सेना ने बताया कि 7 अक्टूबर को इजरायल पर हुए हमले के बाद से उनके अब तक 144 सैनिक मारे गए हैं। इजरायल के ऊर्जा मंत्री ने कहा कि हम हर शहीद सैनिक के लिए आगे भी कार्रवाई को जारी रखेंगे, जब तक हमास का सफाया नहीं हो जाता और बंधकों की सुरक्षित रिहाई नहीं हो जाती। वहीं, हमास की सशस्त्र शाखा अल कसम ब्रिगेड ने कहा कि उसने पांच इजरायली टैंकों को नष्ट कर दिया है। जिसमें उनके कई सैनिक मारे गए हैं और घायल भी हुए हैं। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि पिछले 24 घंटों में कम से कम 201 नागरिक मारे गए हैं। गाजा में युद्ध के दौरान मरने वालों की संख्या 20,258 हो गई है, जबकि हजारों और शवों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। गाजा के 23 लाख लोगों में से लगभग सभी विस्थापित हो चुके हैं।

कराची को दहलाने की साजिश नाकाम!

कैंट रेलवे स्टेशन में खड़ी ट्रेन में मिला टाइम बम

एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के कराची को दहलाने की एक बड़ी आतंकी साजिश नाकाम हुई है। बताया गया है कि यहां कैंट रेलवे स्टेशन पर एक ट्रेन में टाइम बम पाया गया। पुलिस के मुताबिक, किसी अज्ञात शख्स ने एक बैग छोड़ दिया था। इसमें पांच किलो का आईईडी डिवाइस मिला। इस बम को बम स्क्वॉड ने समय रहते ही डिफ्यूज कर लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। कराची के डीआईजी ऑपरेशंस ने कहा कि शुक्रवार रात 9.15 बजे उन्हें पेशावर से आ रही पेशावर एक्सप्रेस में एक सीट के नीचे बैग रखा मिला। इस बैग को स्टेशन पर निगाह रख रहे गार्ड ने बरामद कर लिया। खोलने पर इसमें बैटरी, तारों और स्विच से जुड़ा एक टाइम बम मिला। गार्ड ने तुरंत ही इसे डिफ्यूज करने के लिए बम स्क्वॉड को सूचित कर दिया। एक वरिष्ठ अफसर ने बताया कि स्क्वॉड को बैग में दो किलो विस्फोटक से बना बम मिला। बाकी उपकरणों के साथ इसका वजन पांच किलो के करीब था। इस बम को दो नियंत्रित धमाकों के जरिए डिफ्यूज किया गया। गौरतलब है कि कराची पाकिस्तान का सबसे बड़ा शहर है। यहां कैंट स्टेशन पर हर दिन हजारों यात्री और कार्गो ट्रेनों की आवाजाही होती है।

बेसिक शिक्षा विभाग प्रयागराज एवं स्वप्रेरित शिक्षक समूह

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। एडुस्टफ उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय नवाचारी शिक्षक समागम सातत्य का शुभारंभ मेयोहॉल चौराहा स्थित सारस्वत पैलेस में करते हुए प्राचार्य डायट एवं सीटीई अशोक कुमार सिंह ने कहा कि टीम एडुस्टफ उत्तर प्रदेश के प्रयास सराहनीय व अनुकरणीय है ऐसे नवोन्मेषी शिक्षकों के प्रयासों से पूरे प्रदेश में बेसिक शिक्षा को एक नई पहचान हासिल हो रही है इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी प्रयागराज श्री प्रवीण कुमार तिवारी ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए बतौर मेजबान प्रयागराज के कार्यों एवं एडुस्टफ द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि हम स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं कि प्रयागराज की धरती पर प्रदेश भर के नवाचारी शिक्षकों का जुटान हो रहा है और इसके द्वारा हम सब एक दूसरे से कुछ नया सीखने और उसे अपने विद्यालय व अपने जनपदों में लागू करने हेतु प्रयास करेंगे स्वप्रेरित शिक्षक समूह एडुस्टफ की फाउंडर जौनपुर की शिक्षिका प्रीति श्रीवास्तव ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया यह कार्यशाला इसके पूर्व एससीईआरटी लखनऊ और पूर्वांचल विश्विद्यालय में हो चुकी है प्रयागराज में प्रदेश के सभी जनपदों से चिन्हित ऐसे शिक्षकों को प्रतिभागिता का अवसर मिला है जो अपने कामों से अन्य शिक्षकों के लिए निरंतर प्रेरणा उत्पन्न कर रहे हैं साथ ही निपुण प्रदेश की संकल्पना को साकार करने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं प्रतिभागी शिक्षकों ने अपने कार्यों का पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुति दी, अपने नवोन्मेषी प्रयासों एवम किए जा रहे कार्यों यथा छात्र उपस्थित ,नामांकन, अधिगम संप्रति ,समुदाय के सहयोग, निपुण लक्ष्य प्राप्ति के लिए अलग-अलग तरह के प्रयासों से किस प्रकार से अपने विद्यालय और जनपद में प्रतिकूल परिस्थितियों को भी अनुकूल बनाया है इसका प्रस्तुतिकरण किया गया इस इस अवसर पर बीच-बीच में शिक्षकों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए प्रतिभागी शिक्षकों द्वारा टीचिंग लर्निंग मैटेरियल्स ञरू का भी प्रदर्शन किया गया जिसका अवलोकन एवं उसमें प्रस्तुत चार्ट पोस्ट लाइव ऑडियो विजुअल सामग्री को देखकर लोग मन्त्र मुग्ध हुए प्रथम दिवस जनपद आजमगढ़ भदोही महोबा जौनपुर प्रयागराज कासगंज सहारनपुर कन्नौज बाराबंकी बदायूं बिजनौर के शिक्षकों ने अपने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन दिए दूसरे दिन कन्नौज, इटावा,अलीगढ़,फतेहपुर,गाजीपुर4 गोरखपुर उन्नाव कुशीनगर पीलीभीत लखीमपुर खीरी गाजियाबाद लखनऊ कानपुर नगर, कानपुर देहात,बाराबंकी के प्रतिभागी शिक्षकों ने अपनी पीपीटी प्रस्तुत की कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपस्थित राज्य शैक्षिक प्रबंधन संस्थान के निर्देशक दिनेश कुमार सिंह आंग्ल भाषा संस्थान के प्राचार्य स्कन्द शुक्ल ने उपस्थित प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया इस अवसर पर सीमेंट के निदेशक ने कहा कि संगम की धरती पर लुप्त सरस्वती आज यहां सारस्वत पैलेस में विद्यमान है मां वाग्देवी के मानस पुत्रों के साक्षात स्वरूप शिक्षकों ने जिस प्रकार से अपने प्रयासों को, बच्चों के बीच किये जा रहे कार्यों को, निपुण विद्यालय की अपनी संकल्पना को यहां पर प्रस्तुत किया है इससे हम सब बहुत उत्साहित और प्रेरित है श्री स्कन्द शुक्ला ने शिक्षक समूह एडुस्टफ की सराहना करते हुए इस प्रकार के कार्यों को निरंतरता के साथ हर जनपद में आयोजित किए जाने की जरूरत बताई ।उपस्थित अतिथियों के प्रति अपना आभार प्रकट करते हुए संस्थापिका श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव ने शिक्षकों से मिले सहयोग बेसिक शिक्षा प्रयागराज के सहयोग एवं प्रदेश भर से उपस्थित हुए शिक्षकों के प्रति अपना आभार प्रकट करते हुए सभी को मिलकर निपुण प्रदेश का सपना साकार करने का संकल्प दिलाया कार्यक्रम संयोजिका रेनू जायसवाल ने इस कार्यक्रम के आयोजन से जुड़ी हुई यादों को साझा करते हुए इसे भावुक करने वाला क्षण बताया ।

अंत में राष्ट्गान के साथ दो दिवसीय शिक्षक समागम सातत्य अब अगले पड़ाव पर फिर मिलने के वादे के साथ समाप्त हुआ इस अवसर पर प्रमुख रूप से सविता सिंह,धीरज सिंह,हरिओम श्रीवास्तव,आशिया फारुखी, राम शरण शाक्य, प्रवीण कुमार, श्री प्रकाश पाठक,मदनेश मिश्र, अखिलेश बाजपेयी आदि उपस्थित रहे।।

अवैध कब्जा करने वाले भूमाफियाओं पर कड़ी कार्यवाही करते हुए जेल भेजें: जिलाधिकारी

अपराधी, दबंग एवं भूमाफियों के संबंध में प्रत्येक दिन बीट सिपाही एवं चौकीदारों से उनकी गतिविधियों की जानकारी: पुलिस अधीक्षक

द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला

हरदोई। सदर थाना में थाना सम्पूर्ण दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने सरकारी एवं अन्य लोगों की भूमि पर अवैध कब्जों की शिकायतों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए राजस्व तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि गांव में सरकारी एवं गरीबों की भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले दबंग, अपराधी एवं भूमाफियाओं पर कड़ी कार्यवाही करते हुए जेल भेजें और छोटे-मोटे विवादों का निस्तारण गांव में दोनों पक्षों को बुलाकर सुलह-समझौते के आधार पर करायें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि गांव के भूमाफियों को चिन्हित करें और सख्त कार्यवाही करते हुए सभी सरकारी एवं गरीबों की भूमि कब्जा मुक्त करायें और गांव के अपराधी तत्वों, दबंग एवं भूमाफियों के संबंध में प्रत्येक दिन बीट सिपाही एवं चौकीदारों से उनकी गतिविधियों की जानकारी लें। इस अवसर जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, सीओ सदर तथा थानाध्यक्ष सदर आदि उपस्थित रहें।

एक नज़र

यूनियन इंटर कॉलेज में कराई गई तहसील स्तरीय मिशन पहचान परीक्षा

द अचीवर टाइम्स-नीरज शुक्ला रामनगर

बाराबंकी। बीते शनिवार को यूनियन इंटर कॉलेज के प्रांगण में तहसील स्तरीय मिशन पहचान 2023 के तहत परीक्षा कराई गई। इस परीक्षा में यूनियन इंटर कॉलेज रामनगर, बी पी शुक्ला इंटर कॉलेज, जागृति इंटर कॉलेज, और जीआईसी सूरतगंज इन चार कॉलेजों में से कुल बहत्तर छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान की श्रेणी में शालिनी बी पी शुक्ला इंटर कॉलेज, कन्हैया जीआईसी सूरतगंज,शिवानी जागृति इंटर कॉलेज,दक्ष यूनियन इंटर कॉलेज, दिव्या यूनियन इंटर कॉलेज,अभय सिंह यूनियन इंटर कॉलेज, छवि सिंह यूनियन इंटर कॉलेज,शालू गुप्ता जीआईसी सूरतगंज,नेहा सिंह यूनियन इंटर कॉलेज,अंशिका सिंह यूनियन इंटर कॉलेज,गौरी सोनी यूनियन इंटर कॉलेज के कुल ग्यारह छात्र रहे। इसके बाद इन प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को जिला विद्यालय निरीक्षक ओ पी त्रिपाठी के द्वारा पुरुस्कार देकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया। इस अवसर पर यूनियन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ कमलेश सिंह, नोडल अधिकारी प्रधानाचार्य राकेश कुमार सिंह राजकीय इंटर कॉलेज शहावपुर, प्रधानाचार्य रमेश चन्द्र ओझा जागृति इंटर कॉलेज व विद्यालय के अन्य अध्यापक गण उपस्थित रहे।

एक दिवसीय स्वास्थय जागरूकता एवं निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

द अचीवर टाइम्स-नीरज शुक्ला

बाराबंकी। शनिवार को जहांगीराबाद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी जहांगीराबाद फोर्ट बाराबंकी में एक दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता और निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन प्रातः दस बजे से अपराह्न तीन बजे तक संस्थान के शिक्षकों कर्मचारियों छात्रों और क्षेत्र के लोगो के लिए किया गया। शिविर के आयोजन का उद्देश्य स्वास्थ्य सम्बन्धी मुद्दों के बारें में जागरूकता और गुणवत्तापूर्वक उपचार के लिए किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए संस्थान के डायरेक्टर संदीप सिंह मेजर जनरल (रिटायर्ड) ने कहा कि आज की लाइफस्टाइल बहुत बदल गयी है जो बीमारियों का मूल कारण है। स्वास्थ्य पर उचित देखभाल की कमी खानपान की आदतों में बदलाव शरीर से मिलने वाली चेतावनी संकेतों पर ध्यान न देना नयी व विभिन्न पुरानी बीमारियों को जन्म दे रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के जोखिमों को कम करने लिए नियमित चेकअप, मॉर्निंग वाक, योग ,अच्छा खानपान जैसी स्वस्थ आदतें अपनानी चाहिए और जंकफूड से बचना चाहिए। संस्थान के फार्मेसी विभाग के प्रिंसिपल और संयोजक डॉ अमित शर्मा ने कहा कि स्वस्थ्य रहना हमारें जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और हमारे समग्र जीवन शैली का हिस्सा होना चाहिए नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने से हमें पुरानी और लम्बी बीमारियों को रोकने में मदद करता है। स्वस्थ्य जीवन उच्च सोच का प्रतीक होता है इसलिए अपने बारें में अच्छा महसूस करना और स्वास्थ्य का ख्याल रखना अपने आत्म सम्मान के लिए ज़रूरी होता है शरीर के लिए जो सही है वहीं स्वस्थ जीवन शैली बनाये रखना भी सबसे महत्वपूर्ण है। स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजन समिति के सचिव व फार्मेसी विभाग के हेड अल्ताफ हुसैन के मार्गदर्शन में किया गया जिसमे मेडिकल टीम के डॉ जावेद आलम, डॉ इरफ़ान अहमद सिद्दीकी और डॉ गुफरान अहमद ने लगभग 200 लोगो की ब्लड प्रेशर ब्लड शुगर, वज़न ,बी एम् आई, ऑक्सीजन लेवल आदि की जांच परिक्षण किया और परामर्श के साथ मुफ्त दवाईयां भी वितरित की तथा चिकित्सा शिविर के समापन पैर फार्मेसी विभाग के सभी लोगो लोगो को प्रशंसा का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय गोमती नगर में मनाया गया क्रिसमस डे

द अचीवर टाइम्स सुधांशु अवस्थी

लखनऊ। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय गोमती नगर में क्रिसमस डे पर्व अभिषेक सिंह टीजीटी जर्मन लैंग्वेज के अध्यापक द्वारा मनाया गया एवं प्राचार्य संजीव कुमार अग्रवाल उप प्राचार्या संगीता सक्सेना ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की साथ ही केंद्रीय विद्यालय के समस्त विद्वान अध्यापकों ने कार्यक्रम में बढ चढ़कर का हिस्सा लिया, पंकज तिवारी अनन्या मिश्रा मिथिलेश श्रीवास्तव आशी यादव आदि शिक्षक और सभी बच्चे उपस्थित रहे कार्यक्रम मे बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया. इस अवसर पर बच्चों द्वारा क्रिस्मस ट्रे बनाया गया बच्चों को उपहार वितरण किये गये

अवध विवि में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ समापन

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस पर गणित एवं सांख्यिकी विभाग में ÷रिसेंट एडवांस्ड इन मैथमेटिकल एंड कंप्यूटेशनल साइंसेज विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन हुआ। संगोष्ठी के तकनीकी सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता नाइजीरिया विश्वविद्यालय, नाइजीरिया के प्रो. एस.सी. रस्तोगी ने महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन परिचय एवं उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रामानुजन नंबर 1729, रामानुजन वर्ग के साथ-साथ फिन्स्लर ज्यामिति का अहम भूमिका है। जहां से इसकी शुरुआत हुई लगभग यूक्लिड की ज्यामिति से लेकर कार्तीय तल एवं गणित के तीन मूल शाखों का समावेश है। उन्होंने फिन्स्लर ज्यामिति के एरियल स्पेस एंड देयर स्टडीज इन ज्योमेट्री पर पूर्ण रूप से शोध के क्षेत्र में प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका उपयोग शोध के विभिन्न क्षेत्रो में जैसे रिलेटिविटी, फिजिक्स एवं बायोलॉजी सहित अन्य क्षेत्रों में किया जा रहा है।

नकली शराब/शराब बनाने की सामग्री के साथ तीन शराब माफियाओं को आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम ने दबोचा

द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला

कछौना, हरदोई। कछौना पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध रूप से चल रही नकली शराब फैक्ट्री का शुक्रवार को पर्दाफाश किया। नकली शराब सरगना सहित तीन लोगों को दबोचा, उनके कब्जे से भारी मात्रा नकली देशी शराब, नकली बार कोड, नकली ढक्कन, एल्कोहल व एक बाइक बरामद की। गिरफ्तार किए गए तीनों शराब माफियाओं के खिलाफ विभिन्न संगीन धाराओं में मामला पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है। बतातें चलें शुक्रवार की सांय कॉल मुखबिर ने आबकारी निरीक्षक गिरीश कुमार को सूचना दी, कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से नकली देशी शराब लेकर कछौना से सण्डीला की तरफ जाने वाला है, जल्दी किया जाए तो पकड़ा जा सकता है। इनको पकड़े जाने पर और अधिक मात्रा में नकली शराब पकड़ी जा सकती है। आबकारी निरीक्षक ने कछौना पुलिस को मुखबिर की सूचना से अवगत कराया, कछौना पुलिस टीम के उपनिरीक्षक अबरार हुसैन हेड कांस्टेबल सूरज कुमार व आबकारी निरीक्षक की संयुक्त टीम सुजानपुर मोड़ की पुलिया के पास मुखबिर सहित इन्तजार करने लगे, कुछ समय बाद कछौना की तरफ से एक बाइक आती दिखाई पड़ी। संयुक्त टीम ने बाइक सवार को रुकने का इशारा किया, पुलिस बल देखकर दोनो बाइक सवार व्यक्ति भागना चाहे, परन्तु संयुक्त टीम के ने घेर कर बाइक सवार चालक व दूसरे व्यक्ति को शुक्रवार सांय दबोच लिया। पकड़े गये व्यक्तियों ने अपना नाम अभिषेक सिंह उर्फ सत्यम सिंह स्व0 सर्वजीत सिंह निवासी ग्राम पैरा कोतवाली कछौना तथा दूसरे ने अपना नाम सर्वेश रैदास निवासी पैरा कोतवाली कछौना जिला हरदोई बताया, बाइक पर रखी बारी को चेक करने पर उसमें एक पेटी नकली शराब जिसपर विन्डीज ब्राण्ड रेडिको खेतान लिमिटेड लिखा। गत्तों में 45 पौवा 200एमएल नकली विन्डीज ब्राण्ड के प्लास्टिक की शीशी में बरामद किये गए, नकली देशी शराब के बारे में पकड़े गये अभिषेक सिंह उर्फ सत्यम सिंह ने पूछताछ में बताया नकली शराब धीरेन्द्र सिंह के पास से लेकर आ रहा हूँ, पकड़े गये व्यक्ति को लेकर संयुक्त टीम अभिषेक सिंह की निशानदेही पर धीरेन्द्र सिंह के गाँव निर्मलपुर की तरफ रवाना हुयी, गौसगंज सण्डीला मार्ग से निर्मलपुर मार्ग की तरफ जाते समय अभिषेक सिंह उर्फ सत्यम सिंह ने मोड पर खड़े एक व्यक्ति की तरफ इशारा किया यही धीरेन्द्र सिंह है, उसके साथ में जो बोरी है उसको लेकर कहीं जा रहा है। संयुक्त टीम ने इशारा किये गये व्यक्ति को घेर कर पकड़ लिया, पकड़े गये व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम धीरेन्द्र सिंह पुत्र जगदीश सिंह निवासी निर्मलपुर कोतवाली कछौना जनपद हरदोई बताया। प्लास्टिक की बोरी की तलाशी लेने पर उसमें 130 पौवा नकली देशी शराब विन्डीज ब्राण्ड के प्लास्टिक की शीशी में मिले, बोरी में एक प्लास्टिक की पन्नी में 105 पीस नकली बार कोड, 55 पीस नकली ढक्कन व एक पिपिया में लगभग 4 लीटर एल्कोहल व एक मोटरसाइकिल नम्बर यू0पी0 30 एक्स 2438 बरामद किया गया, धीरेन्द्र सिंह ने पूछताछ में बताया उसको राहुल गुप्ता पुत्र अज्ञात निवासी कहली थाना कासिमपुर जिला हरदोई ने नकली शराब बनाने की समस्त सामग्री को दिया है, जो वर्तमान में लखनऊ में कहीं किराये के मकान में रहता हैं। उसके द्वारा ही यह नकली शराब बनाने की समस्त सामग्री उपलब्ध करायी जाती है, अवैध देशी शराब व बनाने की सामग्री कब्जे में लेकर तीनों शराब माफियाओं के विरुद्ध धारा 419, 420, 467, 468, 272आईपीसी व 60ए0 आबकारी अधिनियम व 51 कापीराइट एक्ट की कार्यवाई कर जेल भेज दिया गया है। इस कार्यवाई से शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

नवदिवसीय श्री राम कथा का भव्य आयोजन

द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला

हरदोई। अयोध्या धाम में 22 जनवरी 2024 को श्री राम लला के विराजमान होने तथा हरदोई के श्री राम जानकी हनुमत धाम में 30 जनवरी को श्री राघव सरकार के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के उपलक्ष में नव दिवसीय राम कथा का आयोजन मंगली पुरवा फाटक स्थित श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल के प्रांगण में किया जा रहा है । शनिवार को आयोजित प्रेसवार्ता में यह जानकारी देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, नगर पालिका अध्यक्ष सुख सागर मिश्र मधुर व समाज सेविका निरमा देवी ने संयुक्त रूप से बताया कि इस श्री राम कथा के मुख्य यजमान श्री बांके बिहारी जी, बाबा श्री विश्वनाथ जी होंगे। कथा के मुख्य आयोजक श्री हनुमान जी महाराज रहेंगे। श्री राम कथा के सहयोग में श्री बांके बिहारी सरकार व श्री राघव सरकार के सभी अनन्य सेवक ,परिकर तथा भक्त होंगे। नवदिवसीय श्री राम कथा का शुभारंभ 21 जनवरी को भव्य मंगल कलश यात्रा के साथ होगा मंगल कलश यात्रा श्री राम जानकी हनुमत धाम मंदिर से शुरू होकर शहर के प्रमुख मंदिरों मार्गो तथा चौराहों से होते हुए श्री राम जानकी हनुमत धाम पहुंचेगी, जहां पर व्यास पीठ पर रामचरितमानस पोथी को विराजमान किया जाएगा। श्री राम कथा के प्रथम दिवस पर मंगलाचरण मानस महात्म की कथा के साथ,

22 जनवरी को सती चरित्र व शिव विवाह,

23 जनवरी को श्री राम कथा सुनने तथा गाने के महात्म की कथा

,24 जनवरी को श्री राम कथा जन्मोत्सव एवं उनकी बाल लीलाएं

,25 जनवरी को श्री राम जानकी विवाह,26 जनवरी को श्री राम वन गमन,27 जनवरी को श्री राम भरत मिलाप,

28 जनवरी को मां शबरी का भगवान राम के प्रति प्रेम व सुंदरकांड की कथा के मार्मिक प्रसंगों को श्रवण करने का शुभ अवसर प्राप्त होगा। इसके अलावा 29 जनवरी को कथा के विश्राम दिवस पर भगवान श्री राम का राज्याभिषेक होगा । 30 जनवरी को श्री राघव सरकार की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव मनाया जाएगा4 जिसमें प्रातः 9ः00 बजे से विभिन्न प्रकार के आयोजन, ठीक दोपहर 12ः00 बजे महा आरती तथा भंडारे का आयोजन होगा। जनपद वासियों को श्री राम कथा श्रवण कराने के लिए श्री राम कथा प्रेम मूर्ति श्री प्रेमभूषण महाराज जी के गुरु भाई अयोध्या धाम से पधार रहे परम पूज्य सुखनंदन शरण जी महाराज की रसभरी मधुर वाणी में श्री राम कथा श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। नवदिवसीय श्री राम कथा के मुख्य आकर्षण मंगल कलश यात्रा, प्रतिदिन विभिन्न रूपों में बच्चों के द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली झांकियाँ तथा श्री व्यास जी महाराज का बच्चों के द्वारा स्वागत रहेगा। 22 जनवरी को अयोध्या धाम में श्री राम लला के प्रतिष्ठित होने के उपलक्ष में 1100 दीपोत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर अजय प्रताप सिंह , भानु प्रताप सिंह, अखिल सिंह चंदेल ,आयुष सिंह, मुकुल सिंह आशा, मुकेश सिंह आशा,गजेंद्र सिंह चौहान, नीरज अग्रवाल , संदीप सिंह ,सुभाष वशिष्ठ, मंदिर आचार्य श्याम पाल आदि मौजूद रहे।

खंभे, ट्रांसफार्मर व गर्डर हटे तो चौड़ी हो जाएगी सड़क

गोरखपुर। मोहद्दीपुर गुरुद्वारे से लेकर चौराहे तक सड़क के किनारे गर्डर लगाए गए हैं। सड़क पर बिजली के पोल व ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं। शुक्रवार दोपहर इस रोड पर बिजली के खंभे व गर्डर के पास ठेले वाले नजर आए। दोनों तरफ करीब 30 फीट सड़क पर कब्जा देखने को मिला। सड़क से बिजली के खंभे हटाने के लिए कमिश्नर आदेश भी दे चुके हैं, लेकिन बिजली निगम ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। जिसका खामियाजा आम लोग भुगत रहे हैं। हालांकि, जाम को खत्म करने के लिए यातायात पुलिस ने ट्रैफिक लाइट को मैनुअल चला दिया है। कभी सिग्नल से तो कभी मैनुअल चलाकर जाम से निपटने की कोशिश की जा रही है।

सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गयी सभी सुविधाओं को किसानों तक पहुंचाया जाये: एमपी सिंह

❖ चौधरी चरण सिंह ने किसानों की परेशानियों को समझते हुए उनकी आय बढ़ाने एवं आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में अहम योगदान दिया: जिलाधिकारी

द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला

हरदोई। स्व0 चौधरी चरण सिंह, भूतपूर्व प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर किसान सम्मान दिवस का आयोजन कृषक सभागार, निकट बिलग्राम चुंगी, हरदोई में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि मंगला प्रसाद सिंह, जिलाधिकारी, हरदोई द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन कर किया गया तथा कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का भी जिलाधिकारी द्वारा पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी अधिकारी, उप कृषि निदेशक, अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं किसानों साथ अवलोकन किया गया। सर्वप्रथम किसान सम्मान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी, मंगला प्रसाद सिंह ने सबसे पहले भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह की जयन्ती पर श्री चौधरी जी के चित्र पर माल्यापर्ण अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये । उक्त अवसर पर जिलाधिकारी ने जनपद स्तर पर फसल उत्पादन में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले कृषि विभाग के 08 एवं उद्यान के 06 किसानों को प्रशस्ति पत्र एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी तरह विकास खण्ड स्तर पर कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषि विभाग से 19, उद्यान विभाग से 19, गन्ना विभाग से 09, पशुपालन विभाग से 10 एवं मत्स्य विभाग से 07 कुल 64 किसानों को प्रशास्ति पत्र एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा कृषक उत्पादक संघ हरदाई ईको फार्मिग प्रोड्यूसर कम्पनी लि0, टड़ियावां को फार्म मशीनरी बैंक स्थापना हेतु ट्रैक्टर की चाभी वितरित की गयीं। जिलाधिकारी द्वारा किसानों सम्बोधित करते हुए कहा गया कि श्री चौधरी जी किसानों के लिए मर्सीहा थे और उन्होने किसानों की परेशानियों को समझते हुए उनकी आय बढ़ाने एवं आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में अहम योगदान दिया। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि किसान भाई वैज्ञानिक तकनीक से खेती करने के साथ सरकार की मंशानुसार खेती में विविधता लाते हुए वर्तमान की उन्नतशील प्रजातियों की खेती करें और इसके साथ ही फल, फूल एवं सब्जी की खेती के साथ-साथ पशु पालन कर अपनी आय दोगुनी करें। उन्होने कहा कि किसानों ने उन्तशील खेती कर जनपद को सम्मान दिलाने के साथ अपने को समाज की मुख्य धारा से जोड़ा है। उक्त किसान सम्मान दिवस में आये किसानों ने विद्युत विभाग एवं सिचाई विभाग से सम्बन्धित समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया, जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को किसानों की समस्याओं के तत्काल निकारण हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गयी सभी सुविधाओं को किसानों तक पहुंचाया जाये और जिन तहसील एवं ब्लाक में सिंचाई, विद्युत आदि की समस्याएं हैं उन्हें ठीक कराया जाये। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि किसान जनपद में होने वाली किसान गोष्ठी मेला एवं किसान दिवस जैसे कार्यक्रमों में भाग लेकर खेती की नवीन तकनीकियों की जानकारी प्राप्त करें और प्रगतिशील किसान भाईयों से सम्पर्क कर उनसे भी उन्नति खेती करने की जानकारी लेने के साथ-साथ कृषि से संबंधित किसी भी समस्या को लेकर तत्काल कृषि विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क करें। डा0 नन्द किशोर, उप कृषि निदेशक ने किसानों को कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। श्री अन्न (मिलेट्स) की खेती मृदा एवं मानव के स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम है। इसकी खेती में सिंचाई एवं उवर्रक की आवश्यकता भी नहीं पड़ती है। गौ आधारित खेती के लिए श्री अन्न (मिलेट्स) की फसलों की खेती बहुत ही उपयुक्त है। उप कृषि निदेशक ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एवं किसान क्रेडिट कार्ड योजना एवं श्री अन्न (मिलेट्स) की खेती के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र, हरदोई एवं सण्डीला के वैज्ञानिकों द्वारा किसानों उन्नतशील कृषि तकनीकी जानकारी दी गयी । उक्त कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य, के0वी0के0 वैज्ञानिक, भूमि संरक्षण अधिकरी, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण और भारी संख्या में किसान भाई उपस्थित रहे। उक्त अवसर पर कृषक वैज्ञानिक संवाद का भी आयोजन किया गया, जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र, हरदोई एवं सण्डीला के वैज्ञानिक डा0 सी0पी0एम0 गौतम, ए0के0 तिवारी, अंजली साहू एवं अन्य वैज्ञानिक उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में आये किसानों द्वारा कृषि से सम्बन्धित समस्याओं के बारे वैज्ञानिकों को अवगत कराया, जिस पर वैज्ञानिकों द्वारा समस्याओं का समुचित निराकरण किया गया।

मुख्यमंत्री योगी बोले, किसान भाजपा सरकार के एजेंडे में पहले स्थान पर

संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मोदी सरकार के साढ़े नौ साल में किसानों ने महसूस किया कि अब वह सरकार के एजेंडे में पहले स्थान पर हैं। देश में कृषि को लाभकारी बनाने पर ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने अन्नदाता किसानों का जीवन बदला। उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने किसानों के लिए जो कहा वह कर दिखाया। जब तक किसान गरीब रहेगा देश विकास नहीं कर सकता है। पहली बार किसानों ने महसूस किया कि वे सरकार के एजेंडे का हिस्सा हैं और पहले स्थान पर हैं। यह प्रधानमंत्री ने साढ़े नौ साल में महसूस कराया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने 51 किसानों को ट्रैक्टर दिया गया और हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान सम्मान निधि के जरिए किसानों को 15 किस्त मिली हैं। यूपी के दो करोड़ से ज्यादा किसानों को यह राशि मिली है। कृषि को लाभकारी बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। साढ़े छह साल में 2 लाख 25 हजार गन्ना किसानों को भुगतान किया जा चुका है। डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जा रहा है। अब खेती घाटे का सौदा नहीं है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती और श्रीअन्न को बढ़ावा दिया जा रहा है। मोटा अनाज के माध्यम से किसानों को संवार रहे हैं। यहां के अन्न को दुनिया में पहुंचाया जा रहा है। किसान के हर सवाल का जवाब अब एप से देने जा रहे हैं। दो करोड़ ड्रोन दीदी तैयार कर रहे हैं। अब ड्रोन से खेत में दवा छिड़काव होगा। इस पर काम हो रहा है। मार्केट में दाम कम हैं तो उपज को वेयर हाउस में रखेंगे। इसे हर ब्लॉक में खुलवाने का प्रयास किया जा रहा है।

मानव के साथ धरती की भी जांच

अब मनुष्य के साथ धरती माता की सेहत की भी देखभाल हो रही है। सीएम ने कहा कि जिन किसानों ने रिकॉर्ड उत्पादन किया है। उन्होंने साबित किया कि तकनीक अपना कर जीवन को संवारा जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों का आह्वान किया कि सफल किसानों की बात अन्य किसानों तक पहुंचाई जाए ताकि लोग समझे कि कुछ भी असंभव नहीं है।

कृषि विकास दर को तीन गुना बढ़ाना होगा

सीएम ने कहा कि किसानों के परिश्रम का परिणाम ही है कि विकास दर नौ फीसदी तक पहुंची है। इसे तीन गुना बढ़ाना है। इसके लिए हर तरह की खेती को बढ़ावा देना है। डीजल इंजन को सोलर देंगे। सब्सिडी बढ़ाएंगे। जंगली जानवरों से फसल को बचाने के लिए सोलर फेंसिंग करेंगे। गोवंश को आश्रय स्थल तक पहुंचाएंगे। प्राकृतिक खेती का आधार गोवंश है। गौ माता की सेवा से पुण्य भी मिलेगा और खेती भी बढ़ेगी। हर गोवंश के लिए 15 सौ रुपए भी दिए जाएंगे।

विपक्ष अभी रणनीति भी नहीं बना सका और भाजपा ने शुरू कर दिया प्रचार... निरहुआ ने लांच किया ये गाना

संवाददाता

लखनऊ। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भोजपुरी फिल्म स्टार और भाजपा सांसद निरहुआ ने नया गाना लांच कर दिया गया है। इसमें मोदी सरकार की उपलब्धियों को बड़े कर्णप्रिय ढंग से बताया गया है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद अब लोकसभा चुनाव के लिए माहौल बनने लगा है। एक तरफ जहां विपक्षी गठबंधन इंडिया अभी बैठकें कर गठबंधन और रणनीति पर मंथन ही कर रहा है वहीं, भाजपा ने चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। इस कड़ी में भोजपुरी फिल्मों के स्टार और आजमगढ़ से भाजपा सांसद निरहुआ ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक गाना लांच किया है। जिसके बोल हैं... 24 में फिर मोदी ही आएंगे। आकर्षक संगीत से सजे इस गाने में मोदी सरकार की उपलब्धियां को बहुत ही कर्णप्रिय ढंग से बताया गया है। भाजपा लोकसभा चुनाव 2024 में राम मंदिर और मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के साथ ही जनता के बीच जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 दिसंबर को अयोध्या में श्रीराम एयरपोर्ट का लोकार्पण कर रामनगरी को सौगात देंगे। इसके बाद 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का भव्य आयोजन होगा जो कि देश प्रदेश के माहौल को पूरी तरह भगवामय कर देगा। दूसरी तरफ विपक्षी गठबंधन इंडिया के दल के किसी एक नेता को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाए जाने पर सहमत नहीं है। अभी तक उन्होंने गठबंधन के लिए कॉमन मिनिमम प्रोग्राम तक तय नहीं किया है। ऐसे में उनके लिए भाजपा को चुनौती देना बेहद कठिन होने वाला है। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के चुनाव में हार के बाद माहौल भी इंडिया गठबंधन के पक्ष में नहीं है। 19 दिसंबर को दिल्ली में हुई बैठक में इंडिया गठबंधन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाए जाने पर ही मतभेद उभर आए। हालांकि, इस बैठक में 28 दलों के नेता शामिल हुए थे। भाजपा विपक्ष के मुकाबले चुनावी तैयारियों में काफी आगे है। तीन राज्यों में सरकार बनाने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं का आत्मविश्वास भी उठा हुआ है। भाजपा नेताओं का दावा है कि 2024 के चुनाव में भाजपा 400 सीटों पर जीत दर्ज करेगी और नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

एक नज़र

यूपी पुलिस में 60 हजार सिपाहियों की भर्ती का कार्यक्रम जारी, 27 दिसंबर से करें आवेदन

लखनऊ। यूपी पुलिस में 60244 सिपाहियों की भर्ती के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इन पदों पर अभ्यर्थी 27 दिसंबर से 16 जनवरी तक आवेदन कर सकेंगे। यूपी पुलिस में भर्ती के लिए इंतजार कर रहे युवाओं के लिए खुशखबरी है। आरक्षी नागरिक पुलिस के 60244 पदों पर भर्ती के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी 27 दिसंबर से 16 जनवरी तक आवेदन कर सकेंगे। आवेदन के लिए शुल्क समायोजन और आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि 18 जनवरी है। 60244 पदों पर भर्ती में अनारक्षित पदों की संख्या 24102, ईडब्ल्यूएस के लिए पदों की संख्या 6024, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए पदों की संख्या 16264, अनुसूचित जाति के लिए 12650 और अनुसूचित जनजाति के लिए 1204 पद निर्धारित किए गए हैं।

यूपी में पांच अपर पुलिस अधीक्षकों के तबादले, मुख्यमंत्री की सुरक्षा में तैनात अफसर का तबादला निरस्त

लखनऊ। यूपी में पांच अपर पुलिस अधीक्षकों के तबादले किए गए हैं। हालांकि, मुख्यमंत्री की सुरक्षा में तैनात अधिकारी का तबादला निरस्त किया गया है। डीजीपी मुख्यालय ने बीती रात छह अपर पुलिस अधीक्षक का तबादला कर दिया। अयोध्या में यातायात और प्रोटोकॉल का जिम्मा संभाल रहे राजेंद्र कुमार गौतम को डीजीपी मुख्यालय का जनसंपर्क अधिकारी बनाया गया है। वहीं, जनसंपर्क अधिकारी अभय नाथ त्रिपाठी का भर्ती बोर्ड के लिए पूर्व में हुआ तबादला आदेश निरस्त करते हुए अब इटावा में एएसपी सिटी नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है। वाराणसी में एएसपी एलआईयू अयोध्या प्रसाद सिंह को अयोध्या का एएसपी ट्रैफिक एवं प्रोटोकॉल बनाया गया है। इटावा में तैनात कपिल देव सिंह को पीएसी मुख्यालय भेजा गया है। सीबीसीआईडी में तैनात निवेश कटियार को गोरखपुर का एएसपी क्राइम बनाया गया है। वहीं मुख्यमंत्री की सुरक्षा में तैनात असित श्रीवास्तव का गाजीपुर के लिए पूर्व में हुआ तबादला आदेश निरस्त कर दिया गया है।

रेल यात्रियों को तोहफा: 30 दिसंबर को पीएम दिखाएंगे छह वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी, जानिए उनके रूट

लखनऊ। अयोध्या से दिल्ली तक की वंदे भारत पूरी तरह कन्फर्म है। क्योंकि 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के पहले इस ट्रेन के संचालन से लोगों को आने-जाने में बड़ी सुविधा हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 दिसंबर को छह वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा सकते हैं। इनमें अयोध्या और दरभंगा से नई दिल्ली तक वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई जाने की उम्मीद हैं। ये दोनों ही लखनऊ होकर चलेंगी। सूत्रों ने बताया कि इन दो रूटों के अलावा अमृतसर-दिल्ली, वैष्णो देवी-दिल्ली, कोयंबटूर-बेंगलुरु और जालना-मुंबई वंदे भारत को भी हरी झंडी दिखाए जाने की योजना है। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल से जुड़े सूत्रों ने बताया कि अयोध्या और दरभंगा से दिल्ली तक की वंदे भारत एक्सप्रेस का शेड्यूल अगले एक दो दिन में आ सकता है। इसकी तैयारियां जोरों पर है। गौतरलब है कि अयोध्या से दिल्ली तक की वंदे भारत पूरी तरह कन्फर्म है। क्योंकि 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के पहले इस ट्रेन के संचालन से लोगों को आने-जाने में बड़ी सुविधा हो जाएगी। गौरतलब है कि देश में पहली वंदे भारत ट्रेन नई दिल्ली से वाराणसी के बीच चलाई गई थी और अब तक 35 ऐसी ट्रेनें शुरू की जा चुकी हैं। प्रधानमंत्री ने हाल ही में वाराणसी-नई दिल्ली रूट पर दूसरी वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई थी।

इन रूटों पर भी चलनी हैं वंदे भारत

तैयारी के मुताबिक लखनऊ से सहारनपुर, छपरा और हरिद्वार तक की वंदे भारत को भी जल्द ही हरी झंडी मिल जाएगी। इसमें छपरा तक की वंदे भारत को बोर्ड ने अनुमति भी दे दी है। इसका सर्वे जल्द ही पूरा हुआ है। इसके अलावा हरिद्वार तक की वंदे भारत एक्सप्रेस का भी सर्वे हो चुका है।

एस आर इण्टरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस डे

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। एस आर इण्टरनेशनल स्कूल में क्रिसमस डे धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के चेयरमैन पवन सिंह चौहान जी ने प्रभु यीशू की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर क्रिसमस महोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होने बताया कि ईसा मसीह ने कहा था कि हर मानव के भीतर वही एक परमात्मा है। इसलिए हमें धर्म और जाति के नाम पर आपस में झगड़ा नही करना चाहिए। हम सब को मिलजुल कर प्रेम से रहना चाहिए और एक दूसरे में परमात्मा के दर्शन करने चाहिए। कार्यक्रम में बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समां बांध दिया। प्रभू यीशू के जन्म से संबंधित कई नाटक बच्चों ने प्रस्तुत किए। वहीं सेंटा क्लाज ने बच्चों को उपहार बांटे। सेंटा क्लाज के रूप में सजे छोटे-छोटे बच्चों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर स्कूल के वाइस चेयरमैन पियूष सिंह चौहान ने बच्चों को प्रभू यीशू के जन्म से जुड़े कई रोचक प्रसंगों को सुनाया। बच्चों ने भी प्रभू यीशू के जन्म से संबंधित मनमोहक नाटक प्रस्तुत किया। सेंटा क्लाज के स्वरूपों में सजे बच्चों ने क्लास रूम में साथियों को टॉफी व अन्य उपहार भेंट किये। विद्यालय प्रांगण में विशाल क्रिसमस ट्री सजाया गया। इस अवसर पर संस्थान की वाइस चेयरपर्सन सुष्मिता सिंह चौहान जी ने कहा कि प्रभू यीशू ने जीवन पर्यंत मानवता की शिक्षा दी। मानवता की रक्षा के लिए उन्होंने अपना जीवन बलिदान कर दिया। ऐसे प्रभू से हर किसी को शिक्षा लेनी चाहिए एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी बच्चों को क्रिसमस डे की शुभकामनाये दी ।

विंटर कार्निवल दिसंबर 2023

संवाददाता

लखनऊ। 23 दिसंबर 2023 की सुबह, दिल्ली पब्लिक स्कूल एल्डिको ने अपना वार्षिक शीतकालीन कार्निवल मनाया, जिसमें माता-पिता और छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया, जिन्होंने इस मजेदार दिन में अपार खुशी शामिल की। कार्यक्रम की शुरुआत रिबन काटने और उद्घाटन समारोह के साथ हुई, जिसके बाद स्कूल की प्रिंसिपल सुश्री मनीषा अंथवाल ने स्वागत भाषण दिया, जिन्होंने अभिभावकों का स्वागत किया और स्टाफ सदस्यों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। कार्निवल की शोभा श्री मुख्तारुल अमीन, अध्यक्ष श्री जफर उल अमीन, संयुक्त निदेशक, सुपरहाउस ग्रुप ने बढ़ाई। श्रीमती फिरदौस अमीन, निदेशक, डीपीएस एल्डिको, प्रतिष्ठित अतिथियों ने अपनी उपस्थिति से छात्रों को अपने जीवन में नए रोमांच की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सांस्कृतिक गतिविधियों में फुट टैपिंग नंबर, एकल गीत, समूह गीत, कैरोल गायन प्रतियोगिता, आर्ट कॉर्नर मनोरंजन से भरे खेल जैसे सांप और सीढ़ी, रिंग द स्नोमैन, डिकोड द कोड, रोल द बॉल, पहेली, रंगीन सवारी और कई व्यंजनों की खुशबू शामिल थी। विभिन्न स्टालों से बच्चों के प्रसन्न चेहरों के साथ उत्सव का वातावरण भर गया। छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर रोमांचकारी गेम स्टॉल, एनीमेशन स्टॉल, 360% की एक श्रृंखला लगाई, जिसमें उत्साहित बच्चे अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। कार्यक्रम के अंत में लकी ड्रा का कूपन निकल गया विजेताओं की खुशी देखते ही बन रही थी विद्यालय की प्रधानाचार्या मनीषा अन्थवाल ने अभिभावकों व छात्रों को क्रिसमस की बधाई दी।

समाजवादी पार्टी ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की मनाई जयन्ती

द अचीवर टाइम्स दीपक कनौजिया।

लखनऊ। मलिहाबाद विधानसभा के दुर्गागंज चौराहे पर पूर्व ब्लाक प्रमुख काकोरी रूप नारायण यादव जी के निवास स्थान पर किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी की जयन्ती मनाई गई।जिसमे क्षेत्र के सैकड़ो कार्यकर्ताओ ने चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यर्पण किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से बोलते हुए पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सी एल वर्मा ने कहा कि देश की आजादी हो या कांग्रेस की इंदिरा सरकार में लागू इमरजेंसी के खिलाफ आंदोलन दोनों में चौधरी चरण सिंह जी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का काम किया।पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मलिहाबाद सोनू कनौजिया ने अपने विचार रखते हुए बताया उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले में जन्मे चौधरी चरण सिंह जी ने कानून की पढ़ाई आगरा विश्वविद्यालय में पूरी की पहली बार गाजियाबाद में वकालत शुरू की आजादी की लड़ाई में भाग लिया देश की आजादी के लिए 1929 में पहली बार जेल भी गए।कार्यक्रम के अंत में अपनी बात रखते हुए सपा के निवर्तमान राष्टीय सचिव लोहिया वाहिनी धर्मेंद्र यादव ने बताया उत्तर प्रदेश सरकार में 1952 में पहली बार राजस्व मंत्री बनाकर किसानों के असली मसीह के रूप में माननीय चौधरी चरण सिंह जी ने काम किया और किसानों के असली मसीहा बनकर उभरे।23 दिनों के कार्यकाल के बाद 20 अगस्त 1979 को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया ऐसे संसद का विश्वास हासिल नहीं करने वाले एकमात्र प्रधानमंत्री बन गए। कार्यक्रम का आयोजन अतिरिक्त टाउन एरिया प्रधान ज्योति प्रकाश यादव,पूर्व ब्लॉक प्रमुख रूप नारायण यादव,निवर्तमान प्रदेश सचिव मुलायम सिंह यादव,मनोज यादव,मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री राम लखन चौरसिया,पूर्व मंत्री आर के चौधरी,ज़िला अध्यक्ष जय सिंह जयंत,ज़िला महासचिव शब्बीर ख़ान,विधानसभा प्रत्याशी मलिहाबाद सोनू कनौजिया,ज़िला निर्वाचन प्रभारी टी,बी सिंह,पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नागेंद्र यादव,ज़िला पंचयत सदस्य जितेंद्र यादव गुड्डु,पप्पू यादव,नगर पंचायत प्रत्याशी इब्राहिम मंसूरी,पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हरिशंकर यादव,सलमान नफ़ीस,सभासद प्रत्याशी अनस अहमद,ललित यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

गौतम बुद्ध पब्लिक इंटर कॉलेज में सम्पन हुआ वार्षिक उत्सव

द अचीवर टाइम्स, प्रभात तिवारी

लखनऊ। गौतम बुद्ध पब्लिक इंटर कॉलेज में सम्पन हुआ वार्षिक उत्सव ऐनुवल फिएस्टा का अयोजन धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम का कार्यक्रम का आगे सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलत के द्वारा किया गया। दीप प्रज्ज्वलन संस्थापक आर एस कुशवाहा ,प्रबंधक सोमिल कुशवाहा, विशिष्ट अतिथि रीना त्रिपाठी ,डॉक्टर जी के मिश्रा, सुपर्णा मजूमदार ने किया। बच्चों ने स्वागत गीत , ब्राजी सॉन्ग, क्रिसमस सॉन्ग , देशभक्ति गीत, घूमर राजस्थानी डांस, नेवर गिव अप, रॉक सॉन्ग, सन्देश परक नाटक प्रस्तुत किया। देश की सभ्यताओं को दर्शाते नृत्य देख जहां सभी परिजन और उपास्थित अतिथि गौरांवित हुए वही छोटे बच्चों द्वारा किया गया मासूम मुस्कान के साथ डांस और जंगल की व्यथा के दृश्य ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में गौतम बुद्ध डिग्री कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर रश्मि शर्मा कॉलेज आफ फार्मेसी के डॉक्टर अमित श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन इंटर कॉलेज की प्राचार्या डाक्टर अलका बोस के कुशल निर्देशन में सफलतापूर्वक किया गया।

भाजपा विधायक रामदुलार को एक और बड़ा झटका, 25 साल की सजा के बाद अब विधानसभा सदस्यता हुई समाप्त

संवाददाता

लखनऊ। रामदुलार को 15 दिसंबर को सजा सुनाई गई थी। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के तहत दो वर्ष से अधिक की सजा होते ही रामदुलार की सदस्यता स्वतः समाप्त हो गई थी। विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे ने 15 दिसंबर से पद रिक्त घोषित कर दिया है। सोनभद्र के दुद्धी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक रामदुलार को दुष्कर्म के मामले में 25 वर्ष के कारावास की सजा होने के बाद विधानसभा सचिवालय ने दुद्धी सीट को रिक्त घोषित कर दिया है। रामदुलार को 15 दिसंबर को सजा सुनाई गई थी। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के तहत दो वर्ष से अधिक की सजा होते ही रामदुलार की सदस्यता स्वतः समाप्त हो गई थी। विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे ने 15 दिसंबर से पद रिक्त घोषित कर दिया है। विधानसभा की ओर से सीट रिक्त घोषित करने की सूचना मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा को भी भेज दी है। अब निर्वाचन आयोग की ओर से दुद्धी सीट पर उप चुनाव की तारीख घोषित की जाएगी।

भाजपा विधायक को 25 साल की सजा, दस लाख जुर्माना

नाबालिग से दुष्कर्म में सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा सीट से भाजपा विधायक रामदुलार गोंड को 15 दिसंबर को 25 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही दस लाख रुपये जुर्माना लगाया गया। जुर्माना न देने पर दोषी विधायक को तीन वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इसी तरह दुष्कर्म पीड़िता को धमकाने के मामले में दो वर्ष की सजा सुनाई गई। पांच हजार रुपये जुर्माना ठेंका गया है। जुर्माना न देने पर छह महीने की अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई है। जुर्माने की पूरी राशि दुष्कर्म पीड़िता को दी जाएगी।

नवंबर 2014 में म्योरपुर थाने में दर्ज हुआ था मुकदमा

नवंबर 2014 में म्योरपुर थाने में नाबालिग से दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज हुआ था। इसमें रामदुलार गोंड को मुख्य आरोपी बनाया गया था। 2022 के विधानसभा चुनाव में रामदुलार को भाजपा से टिकट मिला और वह जीत गया, फिर इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर दुष्कर्म मामले की सुनवाई एमएपी-एमएलए कोर्ट में शुरू हुई। एमपी-एमएलए कोर्ट के प्रभारी और अपर जिला जज एहसानुल्लाह खां ने मामले की सुनवाई करते हुए गत 12 दिसंबर को रामदुलार गोंड को दोषी करार दिया था। साथ ही न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया था। अदालत ने आदेश के लिए 15 दिसंबर की तिथि तय की थी। 15 दिसंबर को दोपहर एक बजे मामले की सुनवाई हुई और अदालत ने कुछ देर में आदेश सुना दिया। जब आदेश सुनाया गया, तब दोषी विधायक को जेल से अदालत लाया गया था।

देर रात घर में घुसकर फौजी की पत्नी के जेवर लूटे, विरोध करने पर मारी गोली

संवाददाता

लखनऊ। नीलमथा सेक्टर-ए निवासी मोनू चौबे सेना में जवान हैं। अभी उनकी तैनाती कमांड अस्पताल में है। मोनू के पिता अजय कुमार चौबे भी सेना से रिटायर्ड हैं। वह सुरक्षाकर्मी की नौकरी करते हैं। सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के विजयनगर नीलमथा सेक्टर-ए में बृहस्पतिवार देर रात असलहे से लैस एक बदमाश ने सेना के जवान के घर पर धावा बोल दिया। घर पर मौजूद अकेली जवान की पत्नी से जेवर लूटने के बाद गोली मारकर भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को कमांड अस्पताल में भर्ती कराया। सीसीटीवी फुटेज व सर्विलांस की मदद से पुलिस तफ्तीश कर रही है। नीलमथा सेक्टर-ए निवासी मोनू चौबे सेना में जवान हैं। अभी उनकी तैनाती कमांड अस्पताल में है। मोनू के पिता अजय कुमार चौबे भी सेना से रिटायर्ड हैं। वह सुरक्षाकर्मी की नौकरी करते हैं। दोनों पिता-पुत्र बृहस्पतिवार को ड्यूटी पर थे। घर पर मोनू की पत्नी अंशु कुमारी अकेली थीं। रात करीब पौने तीन बजे एक बदमाश घर में घुस गया।

सम्पादकीय

अटलजी कहीं गये नहीं हैं, वह हम भारतीयों के मन में सदैव अटल हैं

भला, कौन भूल सकता है जब 13 दिनों की अटलजी की सरकार गिर गयी थी, तब अटलजी ने सत्ता के लिए जोड़तोड़ करने से साफ इंकार कर दिया था। कह दिया था कि पार्टियों में तोड़फोड़ से मिली सत्ता को वह चिमटे से भी छूना नहीं पसंद करेंगे। आज श्रद्धेय अटल जी का जन्मदिन है। महापुरुषों को अक्सर उनके जयंती या पुण्यतिथि पर याद किया जाता है लेकिन अटलजी ऐसी शख्सियत हैं जिन्हें देश हर रोज याद करता है। उनके आदर्शों और उनके द्वारा सिखाई गयी बातों और उनके सिद्धांतों का रोजाना किसी ना किसी बात में उदाहरण दिया जाता है। इसलिए अटलजी कहीं गये नहीं वह तो हमारे बीच में सदैव अटल हैं। देखा जाये तो राष्ट्र हित को हमेशा पहली प्राथमिकता मानते हुए राजनीति करने वाले भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी जैसे नेता हमारे देश में विरले ही हुए हैं। श्रद्धेय अटलजी को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भले 2015 में मिला हो लेकिन वह तो अपने आरम्भ काल से ही भारतीयों के दिलों में बसते हैं। हर भारतीय उन्हें आरम्भ काल से ही भारत रत्न मानता था। भला, कौन भूल सकता है जब 13 दिनों की अटलजी की सरकार गिर गयी थी, तब अटलजी ने सत्ता के लिए जोड़तोड़ करने से साफ इंकार कर दिया था। कह दिया था कि पार्टियों में तोड़फोड़ से मिली सत्ता को वह चिमटे से भी छूना नहीं पसंद करेंगे। अटलजी की सरकार गिरने से भले 1996 में विपक्ष खुश हुआ हो लेकिन देश निराश था। 1998 में जब अटलजी दोबारा प्रधानमंत्री बने तो अमेरिका सहित अन्य विदेशी सैटेलाइटों और विदेशी गुप्तचरों को जरा भी भनक नहीं लगने दी कि भारत परमाणु परीक्षण करने जा रहा है, जो काम पिछले कई प्रधानमंत्री नहीं कर पाये थे वह अटलजी ने सत्ता में आते ही कर दिखाया। दुनिया ने आर्थिक प्रतिबंध लगाये लेकिन अटलजी ने इस मौके का उपयोग भारत को आत्मनिर्भर बनाने में लगाया। अटलजी ने पाकिस्तान से संबंध सुधारने के लिए लाहौर तक बस चलवाई, खुद उसमें बैठ कर लाहौर तक भी गये लेकिन जब कारगिल में घुसपैठ के जरिये उन्हें धोखा मिला तो पाकिस्तान को कड़ा सबक भी सिखाया। देखा जाये तो अटलजी सिर्फ एक व्यक्ति नहीं विचार थे जिसने भारतीय लोकतांत्रिक मूल्यों को नये सिरे से स्थापित किया, जिसने व्यक्तिगत आलोचनाओं का विरोध किया। दूसरी पार्टियों के लोग भले कितनी भी तगड़ी आलोचना करें पर अटलजी व्यक्तिगत आलोचना नहीं करते थे। उनके शब्दों में व्यंग्य जरूर होता था लेकिन शब्द रूपी तीखे बाण वह कभी नहीं चलाते थे। सत्ता का मोह नहीं रखने वाले ऐसे शीर्षस्थ नेता भारत में ही नहीं दुनिया में भी कम ही हुए हैं। देश नहीं भूला है वह दृश्य जब लोकसभा में एक वोट से अपनी सरकार गिर जाने पर उस फैसले को स्वीकार करते हुए अटलजी संसदीय परम्पराओं का पालन करते हुए सीधा राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंपने चले गये थे। देश नहीं भूला है वह दृश्य जब अटलजी ने अपनी ही पार्टी की गुजरात सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए उसे राष्ट्रधर्म निभाने की सलाह सार्वजनिक रूप से दे डाली थी। ऐसी सलाह वही दे सकता है जिसके लिए पार्टी से बड़ा राष्ट्र हो। भारत के राजनीतिक इतिहास के पन्नों को पलटें तो पता चलता है कि जब बाबरी ढांचा ध्वंस के बाद भाजपा को राजनीतिक छुआछूत का सामना करना पड़ रहा था और कोई भी दल उसके साथ नहीं आना चाहता था तब वाजपेयी जी के चेहरे को ही भाजपा ने आगे किया। उस समय 24 दलों की गठबंधन सरकार सफलतापूर्वक चला कर अटलजी ने साबित किया था कि वह गठबंधन राजनीति के ब्रांड अम्बेसेडर हैं। उस समय जो भी दल राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल हुआ था उसने यही कहा था कि समर्थन भाजपा को नहीं अटल बिहारी वाजपेयी को दिया है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ, सबका विकास का नारा देकर उस पर अमल करने की बात कर रहे हैं लेकिन देखा जाये तो सबका साथ, सबका विकास तो अटलजी ने ही शुरू किया जिसको मोदी आगे बढ़ा रहे हैं। भारतीय राजनीति में अटल जी के बराबर किसी नेता का कद नहीं है। यही नहीं, अटल बिहारी वाजपेयी के विपक्ष में भले बहुत दल या राजनेता थे लेकिन उनके विरोध में एक भी दल और एक भी राजनेता नहीं था। अटलजी को जिस तरह हर राजनीतिक दल और राजनेता याद करते हैं वैसा सिर्फ महापुरुषों को ही नसीब होता है। अटलजी राजनीति में भद्रता, मर्यादित भाषा का ही इस्तेमाल करने वाले, सत्ता के लिए कभी किसी को धोखा नहीं देने वाले, विपक्ष के लोगों के भी विचार सुनने और यदि अपनी गलती हो तो उसे स्वीकार करने वाले, आम जनता से सीधा संवाद बनाने वाले, भारत माता का गौरव दुनिया में बढ़ाने वाले, अपनी कविताओं और रचनाओं से देशप्रेम का पाठ पढ़ाने वाले अजातशत्रु थे। अटलजी लगभग दस वर्षों तक बिस्तर पर रहे और इस दौरान हर भारतीय यही दुआ करता रहा कि काश! अटलजी उठें और बोलें। हर कोई उनको सुनना चाहता था। अटल जी को सक्रिय राजनीति से और इस धरा से दूर हुए वर्षों हो गये लेकिन शायद ही कोई ऐसा समय हो जब कभी उनके विचारों और भाषणों का जिक्र नहीं हुआ हो। अटलजी जब अपना शरीर छोड़कर चले गये तो सबको निःशब्द कर गये थे। उस समय सरकारी कार्यालयों और स्कूलों में तो अवकाश सरकार ने घोषित किया लेकिन यह उनकी शख्सियत का ही कमाल था कि निजी कार्यालयों ने स्वतः ही अवकाश घोषित कर दिये गये थे, व्यापारियों ने मंडियां और दुकानें एक दिन के लिए बंद कर दीं, मंदिरों, मस्जिदों, गिरजाघरों में अटलजी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थनाएं की गयीं थीं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बाद देश ने दूसरी बार इतनी बड़ी अंतिम यात्रा किसी नेता की देखी तो वह अटलजी की थी। पूरी दुनिया ने देखा था कि अपने सर्वोच्च नेता के चले जाने से गमगीन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कड़ी धूप में 8 किलोमीटर पैदल चलकर अटलजी के अंत्येष्टि स्थल तक पहुँचे थे। अटलजी को जीते जी तो सम्मान मिला ही, मृत्यु के बाद भी देश ने उन्हें वह सम्मान दिया जिसके वह हकदार थे। आज अटलजी के जन्मदिन पर उनके भाषण, उनकी कविताएं, उनके विचार, उनकी तसवीरें और उनसे जुड़े तथ्य लोग सोशल मीडिया पर एक दूसरे को भेजे जा रहे हैं। यही नहीं व्हाट्सएप पर देखने को मिल रहा है कि कितने लोगों ने अपनी डीपी में अटल बिहारी वाजपेयी की तसवीर लगायी हुई है। बहरहाल, अटलजी के बारे में कहने को बहुत कुछ है लेकिन उनके लिए कितने भी शब्द कम ही पड़ जाएंगे। ऐसे विनम्र व्यक्ति और पुण्यात्मा को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं।

आखिर नीतीश कुमार जिद पर क्यों अड़े हैं?

इन दिनों नीतीश कुमार हठ-योग के जरिए अपनी सियासी तबीयत सुधारने में लगे हैं। इसे हठ ही कहा जाएगा। सरकारी बाबू, सफेदपोश नेताओं और खाकी वर्दीधारियों की मिलीभगत के कारण ही बिहार जैसे राज्य में शराबबंदी सामाजिक तौर पर सफल नहीं हो पा रही है। 2016 से शुरू हुए शराब बैन में पहले साल को छोड़ दें तो लगातार अवैध और फर्जी शराब बनने, बिकने और मिलने की खबरें आती ही रहती हैं। महात्मा गांधी ने कहा था कि 'शराब आत्मा और शरीर दोनों का विनाश कर देती है।' इसी तर्क के साथ बापू ने शराब का हमेशा विरोध किया। लेकिन नीतीश कुमार भले ही बापू के रास्ते पर चलना चाहते हों पर बापू हैं नहीं। तभी शराबबंदी के असफल होने पर कह देते हैं कि पियोगे तो मरोगे है ही। नीतीश 'सुशासन' बाबू के इस कथन से सरोकार की भावना कम और जिद की झलक ज्यादा दिखती है। शराबबंदी पर विपक्ष, मीडिया या जनता सवाल करे तो सुशासन बाबू भड़क भी जाते हैं। इतना ही नहीं सीएम नीतीश बाबू तो इस पर भी अड़ गए हैं कि जो गरीब फर्जी शराब पीने से अपनी जान से हाथ धो बैठे हैं उन्हें किसी भी तरह का मुआवजा नहीं दिया जाएगा। छपरा में दर्जनों घरों के कई ऐसे लोग जहरीली शराब का इस बार शिकार हुए हैं जो परिवार के कमाने वाले पूत थे। अब जबकि कोई राहत नीतीश की महागठबंधन सरकार नहीं देगी तो आने वाले दिनों में कई बच्चों, बीवियों, बहनों और माताओं को जीवन-यापन के लाले पड़ जाएंगे।

नीतीश कुमार का हठ-योग

दरअसल, इन दिनों नीतीश कुमार हठ-योग के जरिए अपनी सियासी तबीयत सुधारने में लगे हैं। इसे हठ ही कहा जाएगा कि सरकारी बाबू, सफेदपोश नेताओं और खाकी वर्दीधारियों की मिलीभगत के कारण ही बिहार जैसे राज्य में शराबबंदी सामाजिक तौर पर सफल नहीं हो पा रही है। 2016 से शुरू हुए शराब बैन में पहले साल के छोड़ दें तो लगातार अवैध और फर्जी शराब बनने, बिकने और मिलने की खबरें आती ही रहती हैं। कभी भी ऐसा नहीं लगा कि शराबबंदी कर के सुशासन बाबू ने राज्य में सुशासन की कोई नई इबारत लिखी हो। हुआ बिल्कुल उलटा ही। रेत-माफिया तो अब कल की बात हो गई लेकिन उसी तर्ज पर बिहार में शराब माफिया पनप चुके हैं। न-न करते हुए भी करीब साठ-सत्तर हजार करोड़ की एक नई इंडस्ट्री राज्य में गैरकानूनी तरीके से चल रही है। क्योंकि इसमें बहुत बड़े पैमाने पर राज्य की ब्यूरोक्रेसी से लेकर नेता तक शामिल हैं, इसलिए बड़े पैमाने पर पूर्ण रोकथाम की कार्रवाई नहीं होती। अगर समय रहते राज्य पुलिस के अधिकारी कठोर से शराबबंदी के कानून को अमल में ला रहे होते तो किसकी मजाल थी कि वो अवैध तो छोड़िए फर्जी शराब बनाकर बेच पाता? नीतीश के मंत्री तो यहां तक तर्क दे रहे हैं कि पड़ोसी राज्यों से उनके राज्य में शराब भेजी जाती है तो भई आपकी पुलिस इन तस्करों को पकड़ती क्यों नहीं? आखिरकार ये तस्कर बिहार के ख़ाकी धारियों से डरते क्यों नहीं हैं? ये किसकी नाकामी है? क्या यही सुशासन है? क्या ऐसी अधकचरी और लिजलिजी सोच के साथ ही नीतीश बाबू ने शराबबंदी लागू कर दी थी? निरीह और मासूम, गांवों में काम कर रहे भाड़े के मजदूर और झुग्गियों में रहने वाले गरीब को ही ज्यादातर मामलों में जान से हाथ धोना पड़ता है, क्योंकि शराबबंदी के बावजूद पन्नियों और थैलियों में भरी कच्ची, फर्जी और सस्ती सी शराब आसानी से घर बैठे मिल जा रही है। या कहिए कि इन 'बेचारों' को लील जा रही है।

ये कैसा अड़ियल रवैया

नाकाम होती नीति पर अड़े रहना इस व्यवस्था को दुरुस्त करने के बजाय ये कहना कि पियोगे तो मरोगे है ही, लेकिन ये नहीं बताओगे कि आप क्या करोगे? ये जिद और अड़ियल रवैया ही ज्यादा दिखाता है। गांधी के रास्ते पर चलकर शराबबंदी को लागू करने में नीतीश बाबू की नीयत भले ही अच्छी रही हो, सुशासन बाबू को महिलाओं में लोकप्रिय बनाती हो और उनके वोट भी दिलाती हो, लेकिन एक असफल शराबबंदी की नीति, क्या नीतीश बाबू को देशभर में लोकप्रिय बना पाएगी? सब जानते हैं कि नीतीश बाबू ने मन बना ही लिया है कि वो 2024 में दिल्ली के समर में हिस्सा लेंगे और मोदी को दिल्ली के सिंहासन के लिए टक्कर देना चाहते हैं। तभी तो सुशासन बाबू ने कहा कि 2025 का विधानसभा चुनाव तेजस्वी यादव की अगुवाई में लड़ा जाएगा। बीते सालों में नीतीश बाबू शराबबंदी के अपने फार्मूले के साथ पड़ोसी राज्यों झारखंड और यूपी का दौरा कर भी चुके हैं और आने वाले डेढ़ साल में हो सकता है कि वो और राज्यों में जाएं और अपने आप को स्थापित करें कि शराबबंदी पर बापू के बाद सबसे बड़ी लड़ाई वो ही लड़ रहे हैं। और उनके विरोधी अगर उनकी असफल शराबबंदी नीति पर उन पर सवाल उठाएं तो हो सकता है कि वो भी वही विक्टिम कार्ड खेलें कि देखो मैं तो शराब माफियाओं से लड़ रहा हूं और ये ताकतवर शराब लाबी मुझे बदनाम कर रही है।

दरअसल, सुशासन बाबू समझते हैं कि शराबबंदी एक ऐसा नीतिगत फैसला है जिसकी मुखालफत करना किसी भी पार्टी के लिए आसान नहीं है। जो शराबबंदी का विरोध करेगा वो सीधे शराब मिलने के समर्थन में खड़ा दिखेगा। नीतीश के सामने इस वक्त जो विपक्ष के नेता खड़े हैं जैसे राहुल, ममता, केजरीवाल, के.चन्द्रशेखर राव, स्टालिन, अखिलेश, शरद पवार, मायावती या ठाकरे ये सभी शराबबंदी के विषय में तो नीतीश कुमार का मुकाबला किसी भी मंच पर नहीं कर सकते। ये सभी या तो सरकार में रहे हैं या अभी सरकार चला रहे हैं, लेकिन किसी ने भी अपने सूबे में शराबबंदी जैसा बड़ा कदम नहीं उठाया है।

गुजरात में शराबबंदी

शराबबंदी मोदी के गुजरात में भी है और नीतीश के बिहार में भी। पीएम मोदी के मुख्यमंत्रित्व काल में भी गुजरात में फर्जी और अवैध शराब मिलती रही थी और अभी तो हाल ही में गुजरात में फर्जी शराब की वजह से करीब 40-50 लोगों की जान भी गई थी। ऐसी घटनाओं को नीतीश लोकसभा चुनावों की 2024 की जंग में अपने पक्ष में इस्तेमाल करने से गुरेज नहीं करेंगे। देश में शराबबंदी का फलसफा देने वाले गांधी थे तो गुजराती, लेकिन उन्होंने शराबबंदी के बारे में बिहार के चंपारण से ही आंदोलन खड़ा किया था। नीतीश को पीएम मोदी के सामने खड़े करने वाले तर्क समय पर काम आ सकते हैं। शराब पर प्रतिबंध का ये खेल नीतीश बाबू को एक राष्ट्रव्यापी मुद्दा लगता है। हम सब ये भी देख रहे हैं कि देश भर में महिलाओं के वोट प्रतिशत में चुनाव दर चुनाव इजाफा हो रहा है और महिला वोटर भी पुरुष वोटरों के लगभग बराबरी पर हैं। पारिवारिक और सामाजिक तौर पर देखें तो शराब की वजह से होने वाला प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष खामियाजा सबसे ज़्यादा महिलाओं को ही उठाना पड़ता है। ऐसे में नीतीश बाबू को ये पकी-पकाई कान्सटीट्यून्सी दिखाई दे रही है। जो उनको दिल्ली के ताज के पास तक ले जा सकती है। गांधी को कभी भी सत्ता से मोह नहीं था, वो अगर शराबबंदी की बात करते थे तो वो समाज, देश और मानवता के हित में की गई बात होती थी, लेकिन क्या नीतीश कुमार यही बात अपने बारे में कह सकते हैं?

बलिदान को नमन व प्रेरणा लेने का दिन

साहिबजादा जोरावर सिंह और फतेह सिंह सिख धर्म के सबसे सम्मानित शहीदों में से हैं। मुगल सैनिकों ने औरंगजेब (1704) के आदेश पर आनंदपुर साहिब को घेर लिया। गुरु गोविंद सिंह के दो पुत्रों को पकड़ लिया गया। मुसलमान बनने पर उन्हें न मारने की पेशकश की गई थी। सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों का स्मरण आते ही हमारा सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है, और मस्तक श्रद्धा से झुक जाता है। गुरु गोविंद सिंह भारत की आत्मा का प्रतिनिधित्व करने वाले उन महानायकों में से हैं जिन्होंने हमारे लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। सिख इतिहास शहीदियों की लाजवाब मिसाल है। 26 दिसंबर को गुरु गोविंद सिंह के चार पुत्रों ÷साहिबजादों÷ के साहस को श्रद्धांजलि देने के लिये ÷वीर बाल दिवस÷ के रूप में चिह्नित किया गया है। यह दिन वास्तव में उनकी शहादत को नमन करने व उनके जीवन से प्रेरणा लेने का दिन है।

सरसा नदी पर बिछड़ गया परिवार

20 दिसम्बर 1704 की वो रात गुरु गोविंद सिंह जी ने अपने परिवार और 400 अन्य सिखों के साथ आनंदपुर साहिब का किला छोड़ दिया था। उस रात भयंकर सर्दी थी और बारिश हो रही थी। सेना 25 किलोमीटर दूर सरसा नदी के किनारे पहुंची ही थी कि मुगलों ने रात के अंधेरे में धोखे से आक्रमण कर दिया। बारिश के कारण नदी में उफान था कई सिख बलिदान हो गए, कुछ नदी में बह गये। इस अफरा तफरी में परिवार बिछड़ गया। माता गुजरी और दो छोटे साहिबजादे गुरु जी से अलग हो गये। दोनों बड़े साहिबजादे गुरु जी के साथ ही थे।

बड़े साहिबजादों, अजीत सिंह और जुझार सिंह जी का बलिदान

उस रात गुरु जी ने एक खुले मैदान में शिविर लगाया अब उनके साथ दोनों बड़े साहिबजादे और कुछ सिख यौद्धा थे। अगले दिन जो युद्ध हुआ उसे इतिहास मे Battle of Chamkaur Sahib के नाम से जाना जाता है। गुरु गोविंद सिंह जी 40 सिख फौजों के साथ चमकौर की गढ़ी एक कच्चे किले में 10 लाख मुगल सैनिकों से मुकाबला करते हैं एक-एक सिख दस लाख मुगलिया फौज पर भारी पड़ता है गुरु गोविंद सिंह जी के बड़े बेटे जिनकी उम्र मात्र 17 वर्ष की है साहेबजादा अजित सिंह ने मुगल फौजों में भारी तबाही की, सैकड़ों मुगलों को मौत के घाट उतारा लेकिन दस लाख मुगलिया फौजों के सामने साहेबजादा अजित सिंह बलिदान हो गए। छोटे साहिबजादे जिनकी उम्र मात्र 14 वर्ष की है, बड़े भाई के बलिदान को देखते हुए पिता गुरु गोविंद सिंह जी से युद्ध के मैदान में जाने की अनुमति मांगी

एक पिता ने अपने हाथों से पुत्र को सजाकर युद्ध के मैदान में भेजा लाखों मुगलों पर भारी साहेबजादा जुझार सिंह ने युद्ध में दुश्मनों के छक्के छुड़ा दिये और लड़ते-लड़ते वीरगति को प्राप्त हुए।

दीवार में जिंदा चुने गए, पर धर्म नहीं बदला

साहिबजादा जोरावर सिंह और फतेह सिंह सिख धर्म के सबसे सम्मानित शहीदों में से हैं। मुगल सैनिकों ने औरंगजेब (1704) के आदेश पर आनंदपुर साहिब को घेर लिया। गुरु गोविंद सिंह के दो पुत्रों को पकड़ लिया गया। मुसलमान बनने पर उन्हें न मारने की पेशकश की गई थी। वजीर खां ने फिर पूछा, बोलो इस्लाम कबूल करते हो? छ~ साल के छोटे साहिबजादे फ़तेह सिंह ने नवाब से पूछा अगर मुसलमान हो गए तो फिर कभी नहीं मरेंगे न? वजीर खां अवाक रह गया उसके मुँह से जवाब न फूटा तो साहिबजादे ने जवाब दिया कि जब मुसलमान हो के भी मरना ही है, तो अपने धर्म में ही अपने धर्म की खातिर क्यों न मरें। दोनों साहिबजादों को ज़िंदा दीवार में चिनवाने का आदेश हुआ। दीवार चिनी जाने लगी। जब दीवार 6 वर्षीय फ़तेह सिंह की गर्दन तक आ गयी तो 8 वर्षीय जोरावर सिंह रोने लगौ फ़तेह ने पूछा, जोरावर भाई रोते क्यों है. जोरावर बोला, रो इसलिए रहा हूँ कि दुनियां में आया मैं पहले था पर कौम के लिए शहीद तू पहले हो रहा है। इन दोनों बालकों ने धर्म के महान सिद्धांतों से विचलित होने के बजाय मृत्यु को प्राथमिकता दी। इस प्रकार गुरु गोविंद सिंह जी का पूरा परिवार शहीद हो गया था। उसी रात माता गुजरी ने भी ठंडे बुर्ज में प्राण त्याग दिए। दिसंबर मास के इस अंतिम सप्ताह को भारत के इतिहास में %शहीदी सप्ताह% के रूप में मनाया जाता है।

प्रेरणा व संदेश का दिन

दिसंबर के इस अंतिम सप्ताह में श्रद्धावानों द्वारा ज़मीन पर सोने की परंपरा है। क्योंकि माता गुजरी ने 25 दिसम्बर की वो रात दोनों छोटे साहिबजादों के साथ वजीर ख़ाँ की गिरफ्त में सरहिन्द के किले में ठंडी बुर्ज़ में गुजारी थी और 26 दिसम्बर को दोनो बच्चे शहीद हो गये थे। 27 तारीख को माता गुजरी ने भी अपने प्राण त्याग दिए थे। नानकशाही कैलेंडर के अनुसार श्रद्धालु 20 से 27 दिसंबर तक शहीदी सप्ताह भी मनाते हैं। इस अवसर पर गुरुद्वारों व घरों में कीर्तन और पाठ करते हैं। साथ ही बच्चों को गुरु साहिब के परिवार की शहादत के बारे में भी जानकारी दी जाती है। गुरु पुत्रों के बलिदान की यह कहानी आज की पीढ़ी को अपने देश से, धर्म से, संस्कृति से व अपने वतन से प्रेम करने का सन्देश देती है। आज का दिन साहिबजादों के साहस और न्याय के प्रति उनके संकल्प के प्रति एक सच्ची श्रद्धांजलि है। माता गुजरी, गुरु गोबिंद सिंह जी एवं चारों साहिबजादों की वीरता तथा आदर्श लोगों को साहस व शक्ति प्रदान करते हैं। वे अन्याय के आगे कभी नहीं झुके। उन्होंने एक ऐसे विश्व की कल्पना की, जो समावेशी और सामंजस्यपूर्ण हो। यह समय की मांग है कि अधिक से अधिक लोग उनके बारे में जाने। आइये, वीर बाल दिवस पर गुरु पुत्रों के प्रेरक जीवन चरित्र को जन- जन तक पहुंचाएं।

केवल राहुल गांधी के चर्चा में बने रहने से नहीं होगा कांग्रेस का भला

इसमें संदेह नहीं कि मोदी सरकार को अंबानी-अदाणी की सरकार बताना राहुल गांधी का प्रिय जुमला बन गया है लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कुछ माह पहले राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने किस तरह अदाणी समूह के प्रमुख गौतम अदाणी को जयपुर आमंत्रित किया था। भारत जोड़ो यात्रा के दिल्ली पहुंचने के अवसर पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने जिस तरह यह दोहराया कि मोदी सरकार अंबानी-अदाणी की सरकार है, उससे फिर यह सिद्ध हुआ कि उनके पास कहने के लिए कुछ नया नहीं है। भारत जोड़ो यात्रा सौ दिन से अधिक का समय पूरा कर चुकी है। इस दौरान उसने 28 सौ किमी की यात्रा तय की है। कांग्रेसजन चाहे जो दावा करें, इस यात्रा के जरिये राहुल गांधी कोई नया विमर्श खड़ा नहीं कर सके हैं। वह न तो कोई नया विचार देने में समर्थ हुए हैं और न ही कोई वैकल्पिक एजेंडा पेश करने में। वह अपनी इस यात्रा के दौरान रह-रहकर वही पुराने बातें दोहराते चले आ रहे हैं, जो वह पहले भी अनेक बार कर चुके हैं। बतौर उदाहरण वह न जाने कब से मोदी सरकार को अंबानी-अदाणी की सरकार की संज्ञा देने में लगे हुए हैं। वह वीर सावरकर पर भी न जाने कब से निशाना साध रहे हैं। इसी तरह वह नोटबंदी और जीएसटी लागू करने के फैसलों पर भी सवाल उठाते रहे हैं। चीन के मसले पर भी वह मोदी सरकार पर निशाना साधने में लगे हुए हैं। क्या ये सब वही बातें नहीं, जो वह पहले भी कई बार कर चुके हैं? कहना कठिन है कि इससे राहुल गांधी अथवा कांग्रेस को कुछ हासिल हुआ है? अब इसमें संदेह नहीं कि मोदी सरकार को अंबानी-अदाणी की सरकार बताना राहुल गांधी का प्रिय जुमला बन गया है।

भले ही अन्य कांग्रेसी नेता भी इसी जुमले को दोहराते रहते हों, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कुछ माह पहले राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने किस तरह अदाणी समूह के प्रमुख गौतम अदाणी को जयपुर आमंत्रित किया था और उनकी ओर से राज्य में निवेश करने के फैसले की सराहना की थी। समझना कठिन है कि यदि अदाणी समूह के मुखिया अंबानी के साथ मिलकर मोदी सरकार को कथित तौर पर नियंत्रित कर रहे हैं तो फिर राजस्थान सरकार की ओर से उन्हें महत्व क्यों दिया गया? स्पष्ट है कि ऐसे प्रश्नों के बाद राहुल गांधी के यह कहने का कोई मतलब नहीं रह जाता कि मोदी सरकार अंबानी-अदाणी की सरकार है। यह कहा जा सकता है कि भारत जोड़ो यात्रा ने एक हलचल पैदा की है और इस बड़े राजनीतिक आयोजन के कारण राहुल गांधी लगातार चर्चा में बने हुए हैं, लेकिन क्या इससे कांग्रेस के पक्ष में माहौल बन रहा है? ऐसा होता नहीं दिख रहा है तो इसीलिए, क्योंकि राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नीचा दिखाने के अपने एक सूत्रीय कार्यक्रम को नहीं छोड़ पा रहे हैं। अच्छा होगा कि कोई उन्हें यह बताए कि वह यह काम पिछले आठ वर्षों से करते चले आ रहे हैं और नतीजा ढाक के तीन पाता वाला है।

कोरोना को राजनीतिक रूप से भुनाने की कोशिश

कोरोना संक्रमण के फिर से सिर उठाने की आशंका ऐसा मामला नहीं जिसे लेकर राजनीतिक दल आरोप-प्रत्यारोप में उलझें। कांग्रेस नेता केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री की चिट्ठी की मनचाही व्याख्या करने के लिए स्वतंत्र हैं लेकिन उन्हें ऐसा कुछ प्रकट करने से बचना होगा। भारत जोड़ो यात्रा को स्थगित करने की सलाह देने वाली केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया की चिट्ठी को लेकर कांग्रेस जिस तरह आक्रामक रवैया अपनाए हुए है, उससे यह साफ है कि उसने इस चिट्ठी को राजनीतिक रूप से भुनाने का फैसला कर लिया है। कांग्रेस इस चिट्ठी को इस रूप में देख और दिखा रही है कि उसके जरिये भारत जोड़ो यात्रा को रोकने की कोशिश की जा रही है। राहुल गांधी ने बिना लाग लपेट यही रेखांकित किया। उनके अनुसार मोदी सरकार भारत जोड़ो यात्रा से भयभीत हो गई है। कांग्रेस इस चिट्ठी को कितना तूल दे रही है, यह पार्टी महासचिव जयराम रमेश की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से बुलाई गई उस बैठक पर तंज कसने से पता चलता है, जो हालात की समीक्षा के लिए बुलाई गई थी। उनकी समझ से इस बैठक का उद्देश्य भी भारत जोड़ो यात्रा को रोकने के लिए माहौल बनाना था। निःसंदेह यह कुछ ज्यादा ही हो गया, लेकिन यह भी सही है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री की चिट्ठी ने ही कांग्रेस को यह सब कहने की सुविधा प्रदान की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री की ओर से दी गई इस सलाह में कोई हर्ज नहीं कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सतर्कता बरती जाए, लेकिन उन्हें यह लिखने से बचना चाहिए था कि कोविड प्रोटोकाल का पालन न कर पाने की स्थिति में यात्रा स्थगित कर दी जाए। इसलिए और भी, क्योंकि उन्होंने ऐसी कोई चिट्ठी देश के विभिन्न हिस्सों में हो रहे राजनीतिक कार्यक्रमों और अन्य आयोजनों को लेकर नहीं लिखी। इसके अलावा अभी कोरोना संक्रमण की स्थिति नियंत्रण में है। स्पष्ट है कि इस चिट्ठी ने कांग्रेस को बैठे-बिठाए एक मुद्दा दे दिया। निःसंदेह चीन में कोरोना संक्रमण के चलते जैसे हालात बन गए हैं, वे चिंतित करने वाले हैं, लेकिन यह भी सही है कि भारत में अभी ऐसी स्थिति नहीं कि सार्वजनिक आयोजनों को स्थगित करने की आवश्यकता पड़े। आवश्यकता है तो केवल इसकी कि सतर्कता बढ़ाई जाए, लोगों को कोविड रोधी वैक्सीन की बूस्टर डोज लेने के लिए प्रेरित किया जाए और हर स्तर पर स्वास्थ्य ढांचे की समीक्षा की जाए। यह इसलिए आवश्यक है, क्योंकि चीन के साथ जापान, दक्षिण कोरिया और अमेरिका एवं फ्रांस में कोरोना के मामले तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। कोरोना संक्रमण के फिर से सिर उठाने की आशंका ऐसा मामला नहीं, जिसे लेकर राजनीतिक दल आरोप-प्रत्यारोप में उलझें।

प्रधानमंत्री का विजन है कि कृषक की आमदनी दोगुनी हो: रजनी तिवारी

❖ प्रधानमंत्री का संकल्प समाज के अन्तिम पायदान के व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिलें:सांसद

द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला

हरदोई। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम विकास खण्ड शाहाबाद के ग्राम आगमपुर घुरहई में माननीय उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी जी द्वारा यात्रा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मंत्री जी द्वारा कार्यक्रम स्थल पर कृषि, आगनवाडी, स्वास्थ्य विभाग के स्टालो का निरीक्षण किया गया। मंत्री जी द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री का विजन है कि कृषक की आमदनी दोगुनी हो। इसको ध्यान में रखते हुये प्रधनमंत्री जी द्वारा कई योजनाये संचालित की गई। पी0एम0 किसान योजना देकर किसानो का सम्मान बढ़ाया है। तो वहीं उज्जवला योजना के अन्तर्गत गैस कनेक्शन व सिलेण्डर देकर महिलाओं का भी सम्मान बढ़ाया गया है। कार्यक्रम में समस्त लोगो को विकसित भारत की शपथ भी दिलाई गयी। कार्यक्रम स्थल पर ग्राम प्रधान प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र, खण्ड विकास अधिकारी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, भाजपा के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे। विकास खण्ड मल्लावां के ग्राम भडवल सलेमपुर व भगतपुर सन्तुपुर में सांसद अशोर रावत जी द्वारा यात्रा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। सांसद जी द्वारा ग्राम वासियों को सम्बोधित करते केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई। उनके द्वारा कहा गया कि प्रधानमंत्री जी द्वारा फसल बीमा योजना चलाई गई जिसमें प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानो को उनकी फसल खराब होने की दशा में 72 घंण्टे में क्षतिपूर्ति की धनराशि प्राप्त होती है। कार्यक्रम में समस्त लोगों को विकसित भारत की शपथ भी दिलाई गयीं। कार्यक्रम स्थल पर ग्राम प्रधान प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र, खण्ड विकास अधिकारी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, भाजपा के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे। विकास खण्ड टडियावा के ग्राम सगरापुर बोझवा में सांसद जय प्रकाश रावत जी यात्रा कार्यक्रम का स्वागत किया गया। उनके द्वारा ग्राम वासियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि समाज के अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को स-समय योजनाओं का लाभ देकर विकास की मुख्य धारा में जोड़ना है। महिला, किसान, नौजवान के सशक्तीकरण होने पर ही विकसित राष्ट का संकल्प पूरा होगा। कार्यक्रम स्थल पर ग्राम प्रधान, प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र, खण्ड विकास अधिकारी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, भाजपा के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे। विकास खण्ड सण्डीला के ग्राम छनोईया व जाजमऊ में विधायक अलका अर्कवंशी जी द्वारा यात्रा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उनके द्वारा कहा गया कि विकसित भारत का संकल्प तभीं पूरा होगा जब किसान, गरीब, नौजवान, महिला आत्मनिर्भर होगी। विकास खण्ड बावन के ग्राम मुजाहिदपुर व रामापुर औलिया में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती जी द्वारा यात्रा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। अध्यक्ष जी द्वारा लगाये गये स्टालो का निरीक्षण भी किया गया। उनके द्वारा केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा4 चलाई जा रही समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई। उनके द्वारा बताया गया कि यह कार्यक्रम समस्त योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को संतृप्त करने के उद्देश से चलाई जा रही है। इस हेतु समस्त अधिकारी / कर्मचारी पूर्ण मनोयोग से कार्य कर समस्त पात्र व्यक्तियों को समस्त योजनाओं से लाभान्वित करे। इस मौके पर ग्राम प्रधान, खण्ड विकास अधिकारी, भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे। विकास4 खण्ड साण्डी के ग्राम तडौरा व छितरामऊ में ब्लाक प्रमुख अनिल सिंह जी द्वारा यात्रा कार्यकम में प्रतिभाग किया गया। विकास खण्ड सुरसा के ग्राम भलवा व मतुआ विकास खण्ड अहिरोरी के ग्राम अटरा व जासू, विकास खण्ड भरावन के ग्राम कनौरा ऑट व नरोईया में विकास खण्ड बिलग्राम के ग्राम अर्तज बुजुर्ग व बिरनी में, विकास खण्ड माधौगंज के ग्राम बघौडा व बरहस में विकास खण्ड भरखनी के ग्राम लखमापुर व दहिरापुर में विकास खण्ड पिहानी के ग्राम सिदौरिया व सलेमपुर में विकास खण्ड शाहाबाद के ग्राम सराय कमालूद्दीनपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम आयोजित किये गये। जन प्रतिनिधियों/ मुख्य अतिथियों द्वारा कृषि, स्वास्थ्य, ग्राम्य विकास, आगनबाडी एवं अन्य विभागों द्वारा लगाये गये स्टालो का निरीक्षण किया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के स्टाल कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहे, जिसमें ग्राम वासियों की एनीमिया की जांच शुगर की जांच, बी0पी0 की जांच और अन्य चिकित्सा स्वास्थ्य की जांच निशुल्क की गयीं और निशुल्क दवा भी वितरित की गयीं। मुख्य अतिथि जन प्रतिनिधियों द्वारा पीएम कुसुम योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी कृषको को प्रमाण पत्र / स्वीकृत पत्र वितरित किये गये विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में कृषि विभाग के कार्मिको द्वारा पीएम किसान योजना के अन्तर्गत ई-केवाईसी भूलेख अंकन, केसीसी एवं नये पंजीकरण मौके पर कराये जा रहे है। कृषकों को श्री अन्न (मिलेट्स) के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गई। मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना की जानकारी भी दी गई। कृषको को रबी की फसलों की तकनीकी जानकारी के साथ फसलो की लाइन से रोपाई एवं बुबाई के लिये प्रेरित किया गया। कृषको को प्रमाणित बीजों के बारे में जानकारी दी गई। उपरोक्त कार्यक्रम में आज कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं खाद्य आदि विभागों के कर्मचारी /अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

एएसएन पब्लिक स्कूल ने मनाया वार्षिक उत्सव बच्चों ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

❖ चेयरमैन प्रतिनिधि अजय पांडे ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ।

द अचीवर टाइम्स अनुराग तिवारी

मोहनलालगंज,लखनऊ। मोहनलालगंज कस्बा स्थित एएसएन पब्लिक स्कूल ने मनाया अपना वार्षिक उत्सव जिसमें नगर पंचायत मोहनलालगंज के चेयरमैन प्रतिनिधि व व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय पांडे शिवम पांडे ने स्कूल के संस्थापक स्वर्गीय सुनील पांडे स्वर्गीय सुजीत कुमार पांडे के चित्र पर पुष्प अर्पित वा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शुभ आरंभ में सबसे पहले मोहनलालगंज के सभी वरिष्ठ जनों को पुस्तक सीनरी व पुष्प देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें भारत संस्कृति से लेकर आज की इंटरनेट दुनिया के बारे में बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम के माध्यम से मंचन किया गया। वार्षिक उत्सव में बच्चों का हौसला अफजाई करने के लिए परिजनों ने काफी संख्या में पहुंच कर बच्चों का मनोबल बढ़ाया अपने मां-बाप को देख बच्चे उत्साह से भरपूर दिखे। इस मौके पर शिवम पांडे सुंदरम पांडे अजितेश मिश्रा राहुल पाठक सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

एक नज़र

नन्हें-मुन्ने बच्चों ने संता बनकर आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समारोह में लगाये चार चांद

श्रीमती कमला अग्रवाल ग्रुप आफ स्कूल् में क्रिसमस डे व पुरस्कार वितरण का समारोह आयोजित

द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार

हापुड़। फ्री गंज रोड पर स्थित कमला अग्रवाल ग्रुप आफ स्कूल्स में क्रिसमस डे व पुरस्कार वितरण का समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसके मुख्य अतिथि सी0ए0मनीष, विद्यालय के निदेशक सुनीलकांत आहलूवालिया, प्रधानाचार्यो पारुल शर्मा व विमला पाल, मैनेजर एडमिन बृजमोहन गुप्ता, मैनेजर एस्टेट नरेश अग्रवाल ने बच्चों को क्रिसमस डे की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में भिन्न-भिन्न प्रकार के स्टॉल जैसे- फूड स्टॉल, गेम जोन, नेल आर्ट, टैटू कॉर्नर आदि बनाए गए। इस अवसर पर किंडरगार्टन के प्यारे-प्यारे, नन्हें-मुन्ने बच्चों ने संता बन कर बहुत ही आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समारोह में चार चांद लगा दिए। कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के छात्र-छात्रों ने भी अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर मनमोहक प्रदर्शन प्रस्तुत किया। विद्यालय प्रांगण में अनेक सेंटाक्लोज़ दिखाई दिए। जिन्होंने बच्चों को तरह-तरह के उपहार व आशीर्वाद देकर बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। सेंटाक्लोज़ के साथ नन्हें-मुन्ने बच्चे बहुत मस्ती करते नजर आए। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं की माता को भी आमंत्रित किया गया। और उन्होंने विद्यालय द्वारा आयोजित खेलों जैसे- मेमोरी गेम, थ्रो दा बॉल, पुल दा बॉटल चैलेंज, मेक मी ब्यूटीफुल, टिक टैक टो गेम, म्यूजिकल चेयर गेम, हॉप और स्कोथ गेम, क्लोंस बाल इन टू दा होल गेम्स में प्रतिभाग कर प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्राप्त किये। विद्यालय द्वारा पूरे वर्ष में किए गए समस्त कार्यक्रम व प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को भी उनकी माताओं द्वारा उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। क्रिसमस डे के उपलक्ष में समस्त विद्यालय में खुशी का वातावरण छाया रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में संपूर्ण विद्यालय परिवार का सराहनीय सहयोग रहा।

टाउन एरिया नगर पंचायत बाबूगढ़ में मनाई चौधरी चरण सिंह की जयंती

द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार

हापुड़। टाउन एरिया नगर पंचायत बाबूगढ़ नेशनल हाईवे पर स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर नगर वासियों ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह साहब का 121 जन्मदिन मनाया जिसमें सभी ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी पूर्व नामित सभासद अजय सिंह जयंत ने सभी को बताया कि आज पूरा भारत पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह साहब का 121 जन्मदिन मना रहा है वह उत्तर प्रदेश में जन्मे ग्राम नूरपुर जनपद पंचशील नगर हापुड़ में स्थित है चौधरी चरण सिंह साहब एक साधारण परिवार के किसान थे उन्होंने हमेशा सोची तो गरीबों और पिछड़े वर्ग के लिए सोचा कि यह कैसे विकसित हो लेकिन बहुत कम समय मिलने 6 महीने मात्रा संसद में कार्य किया इतिहास गवा रहेगा की चकबंदी में से चौधरी साहब ने गरीबों के जगह की व्यवस्था की किया। जिसमें आज भी गरीब अपने रहने की व्यवस्था करते हैं। इतिहास हमेशा उनको याद करता रहेगा श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व नगर अध्यक्ष जगबीर सिंह, फौजी हरेंद्र सिंह तेवतिया, आशीष ,पूर्व सभासद त्रिलोकी जाटव, राजीव कुमार, लोहिया आदि लोग भारी तादाद में उपस्थित रहे।

संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

द अचीवर टाइम्स- नीरज शुक्ला/ संदीप मौर्या

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। थाना सम्पूर्ण समाधान दिवस के दिन कोतवाली बदोसराय में थानाध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस समाधान दिवस में कुल 6 प्रार्थना पत्र आये जिसमे से मौके पर 3 शिकायतों का निस्तारण किया गया बाकी तीन मामलों में राजस्व एवं पुलिस टीम मौके पर भेजीं गई हैं। शनिवार को कोतवाली बदोसराय में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस मे आयी हुयी शिकायतों का मौके पर गुणवत्ता युक्त निस्तारण करने के निर्देश थानाध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार यादव ने दिये हैं।इस मौके पर अवधेश कुमार राजस्व निरीक्षक हिमांशू वर्मा आनन्द शर्मा संदीप कुमार वर्मा शुभेन्द्र अवस्थी अवधेश कुमार शुक्ला सुधांशू कटियार मोहम्मद इद्रीस आदि उपस्थित रहे।

श्रीराम एयर पोर्ट अयोध्या पर फ्लाइट का हुआ ट्रायल

अयोध्या। अयोध्या स्थित भगवान श्रीराम एयरपोर्ट पर फ्लाइट का हुआ ट्रायल। श्रीराम एयरपोर्ट के रनवे पर उतरा एयरक्राफ्ट। इस अवसर पर सिविल एविएशन के अधिकारी एयर क्राफ्ट से पहुंचे अयोध्या एयरपोर्ट। अयोध्या एयरपोर्ट पर अधिकारियों के साथ एयरपोर्ट के उद्घाटन को लेकर बैठक किया।

गांवों को नशा मुक्त बनाने के लिए गांव-गांव थाना प्रभारी राजेश त्रिपाठी दे रहे जागरूकता का संदेश

द अचीवर टाइम्स संवाददाता विकास सैनी

माल। नशे से बढ़ रहे अपराध को रोकने के लिए अब पुलिस मामले की तह में जाते हुए नशा मुक्त गांव अभियान शुरू करेगी। इस अभियान के तहत गांव में जागरूकता कार्यक्रम, सूचना एकत्रित कर नशा पकड़ने तथा नशा कर रहे लोगों की काउंसिलिग कर उन्हें नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करेगी। इस अभियान में जागरूकता के तहत कार्यक्रम शुरू कर दिए हैं। थाना क्षेत्र में पुलिस प्रभारी ने नशा मुक्ति कार्यक्रम में शिरकत कर रहे हैं। अब पुलिस प्रशासन ने थाना में गांव को नशा मुक्त बनाने के प्रयास में लगा हुआ है ताकि दूसरे गांव को भी इससे प्रेरणा मिले और नशे को रोकने में पुलिस को कामयाबी मिले। पुलिस थाना प्रभारी ने नशा रोकने के लिए पूर्व में हुए कार्यो की समीक्षा की है और इसके बाद नया प्लान तैयार किया है जिसके तहत थाना प्रभारी ने गांवों में कार्यक्रम करे जायेगे पूरे गांव को नशा मुक्त बनाने का प्लान भी थाना प्रभारी ने तैयार किया है। गांवों को खेलों से जोड़ने पर भी पुलिस विचार कर रही हैं ताकि युवा खाली समय में नशे के बजाय खेलों की तरफ बढ़े। थाना प्रभारी द्वारा संकल्प लिया गया कि न तो नशे का सेवन करेंगे और दूसरे व्यक्ति को नशे का सेवन न करने से जागरूक करेंगे। समाज के सभी लोगों को साथ लेकर नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को और तेज करेंगे। थाना प्रभारी ने कहा कि माल पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान ऑपरेशन क्लीन चलाया जा रहा है। जिसके काफी सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं। नशा मुक्त समाज बनाने के लिए माल पुलिस द्वारा अथक प्रयास जारी है। माल पुलिस जहां नशा तस्करों के खिलाफ शिकंजा कस रही है। पुलिस ने कहा कि नशे जैसी बुराई को समाप्त करने के लिए एक सामाजिक आंदोलन चलाने की जरूरत है। इसलिए समाज के सभी सभी नागरिक तथा समाजसेवी संस्थाएं इस अभियान में अपनी अग्रणी भूमिका निभाएं।

चौ0 चरण सिंह की जयंती पर आयोजित संवाद में प्रदेश उपाध्यक्ष एकलव्य सिंह सहारा के नेतृत्व में सैकड़ों युवा पहुंचे जिला मुजफ्फरनगर नमन कर दी श्रद्धांजलि

द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार



हापुड़। निवासी भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पश्चिमी प्रदेश उपाध्यक्ष एकलव्य सिंह सहारा के नेतृत्व में सैकड़ों युवा बड़े काफिले के साथ किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती पर आयोजित संवाद 2.0 (युवा भारत के भविष्य पर महामंथन) के आयोजित ऐतिहासिक युवा संवाद कार्यक्रम में किसान भवन ग्राम सिसौली जिला मुजफ्फरनगर में शामिल हुए। एकलव्य सिंह सहारा ने बताया कि कार्यक्रम में सुबह यज्ञ के साथ किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह को नमन कर श्रद्धांजलि दी गई और उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके साथ ही विभिन्न विद्यालयों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत रोचक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। इस अवसर पर अपने-अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ विशेषज्ञों ने युवाओं से संवाद किया, जिसके माध्यम से उन्होंने युवा शक्ति के साथ अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत द्वारा की गई। इस दौरान भाकियू के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी गौरव टिकैत ने युवाओं को संगठित होकर अगले आंदोलन के लिए तैयार रहने एवं युवाओ को आगामी दिनों में किसान भवन में ट्रेनिंग दी जाने की बात कही। कार्यक्रम में सभी युवाओं एवं छात्रों को सभी वरिष्ठ सम्मानित नेताओं एवं भाकियू पदाधिकारियों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान अनुभव अहलावत, आकाश चौधरी, भानु सिद्धु, रजत धीमन, लक्षित तेवतिया, अरुण चौधरी, आशीष शर्मा, अखिल चौधरी, हरप्रीत निर्वाण, भानु बछलोता, डॉ पंकज चट्ठा, अदनान कुरैशी, अमरदीप सिंह कलैर, गौरव सिंह, गौरव इलम सिंह आदि उपास्थि रहे।

राम निवास इण्टर कॉलिज में वीर बाल दिवस कार्यक्रम आयोजित

द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार

हापुड़। राम निवास इण्टर कॉलिज में वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिला प्रोबेशन कार्यालय के कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान अजय कुमार (सह आकड़ा विश्लेषक), अमित कुमार (संरक्षण अधिकारी) तथा कुछ हुमा (समाजिक कार्यकर्ता) रविता चौहान (परामर्शदाता / प्रभारी केन्द्र प्रबंधक) एवं सोनिया (केस वर्कर) द्वारा अवगत कराया गया कि हमारी बेटिया भारत की स्वाभिमान है। साथ ही मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में आवेदन करने के लिए बताया गया। बेटा-बेटी में भेदभाव न करें, दोनों को समान शिक्षा दें, जिससे बेटिया भी अपने पैरो पर खड़ा होकर परिवार समाज एवं देश का नाम रोशन करें। महिलओं की सुरक्षा के दृष्टिगत हेल्पलाइन नम्बर 1090 वूमेन पावर लाइन 181 महिला हेल्पलाइन 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपतकालीन सेवा 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवायें एवं 108 एम्बूलेंस सेवाओ के बारे में बताया तथा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, वन स्टॉप सेंटर आदि की जानकारी दी गई।

सामाजिक उद्योग व्यापार मण्डल यूपी प्रेस क्लब में पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह

द अचीवर टाइम्स ङ्क प्रभात तिवारी

लखनऊ। सामाजिक उद्योग व्यापार मण्डल के तत्वाधान में आज लखनऊ हजरतगंज के यूपी प्रेस क्लब में पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमे संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष रामबाबू रस्तोगी के द्वारा सभी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कराया गया जिसमे सरवन यादव,अवधेश तिवारी,पंकज वर्मा, महानगर महामंत्री सुनील तिवारी,सौरभ शुक्ला अध्यक्ष चिनहट,अमित निगम,को प्रदेश उपाध्यक्ष और विशाल निगम को प्रदेश महामंत्री, वा हरीश यादव को प्रदेश सचिव और सचिन सोनी को गोमती नगर जुगौली का अध्यक्ष वा जितेंद्र सोनी को फरीदीपुर दुबग्गा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शपथ दिलाने के बाद अपने संबोधन में रामबाबू रस्तोगी ने कहा कि आए दिन व्यापारियों के साथ लूट,हत्या,डकैती, छिनैती जैसे अपराध घटित होते है जिसको रोकने के लिए सरकार को कठोर कदम उठाना चाहिए व्यापारियों के लिए कुछ मांग भी केंद्र वा प्रदेश सरकार से किया है जो की निम्न प्रकार है।

1- व्यापारियों को वाहन के लिए पेपर लेस ग्रीन कार्ड की सुविधा दी जाए। 2- व्यापार करने के लिए व्यापारी भाई को पेपर लेस लोन की सुविधा मुहैया कराया जाय। 3- व्यापारी के लूट,डकैती,हत्या पर मुआवजा का प्रावधान किया जाय ताकि व्यापार प्रभावित न हो सके। 4- जो रजिस्टर्ड व्यापारी,उद्यमी है उनको आत्म सुरक्षा के लिये आसानी से शस्त्र लाइसेंस की संस्तुति दिया जाय। 5- व्यापारी के वहा आयकर छापे से पहले नोटिस देकर पूछताछ किया जाय जिससे वह अधिकारियों को अपनी समस्याओं से अवगत करा सके। 6- लखनऊ के सभी चौराहे पर जाम लगने के कारण व्यापारी के साथ वारदात होता है इसलिए सभी चौराहे के मोड़ पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा ट्रैफिक को दुरुस्त करवाया जाय ताकि हादसा न हो सके। 7- सभी स्वर्णकार व्यापारियों के क्षेत्र में पुलिस गस्त बढाई जाय और पुलिस के द्वारा स्वर्णकार व्यापारियों को पुराने सामान की खरीद पर परेशान न किया जाय। 8- एलडीए विभाग के अधिकारियो के द्वारा व्यापारियों के प्रतिष्ठानों की सीलिंग को तत्काल रोका जाय अन्यथा व्यापारी समाज सड़क पर आन्दोलन करने को मजबूर हो जायेगा!

चौथे बी बी गुप्ता मेमोरियल टूर्नामेंट के छठे दिन लाइफ़ केयर क्रिकेट क्लब ने वाजी मारी

लाइफ केयर क्रिकेट क्लब की तरफ से प्रखर मिश्रा को मैन ऑफ दा मैच चुना गया।

द अचीवर टाइम्स रघुनाथ सिंह

लखनऊ। चौथे बी.बी. गुप्ता मेमोरियल टूर्नामेंट के छठे दिन पर खेले गए पहले मुकाबले में टीम आशीष नेहरा ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बैटिंग करते आशीष नेहरा की टीम ने बनाए 122 रन। रितिक मिश्रा ने सबसे ज्यादा 51 रन बनाए, उनके अलावा सूरज यादव ने 26 रन बनाए। लाइफ केयर के लिए अमन यादव ने 3 और प्रखर मिश्रा ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लाइफ केयर की टीम ने बढ़िया गेंदबाजी की, 18.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। प्रखर मिश्रा ने शानदार 55 रन नॉट आउट बनाए। गौरव रावत ने भी 41 रनों की शानदार पारी खेली। प्रखर मिश्रा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दिन के दूसरे मुकाबले में एलडीए की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। कप्तान हिमांशु के फैसले को सही साबित हुए एलडीए की टीम ने ताबड़तोड़ रन बनाए और 211 रन बना दिए। ये टूर्नामेंट का अब तक का सबसे बड़ा टोटल बना। एलडीए के लिए कप्तान हिमांशु असनोरा ने 20 गेंदों में 67 रन बनाए और उनकी पारी में 8 छक्के मारे। उनके अलावा अल्ताफ ने 63 और आर्यन मिश्रा ने भी 53 रन बनाए। आरबीएन की तरफ से कृष्णा चावला को 2 विकेट मिले। लक्ष्य का पीछा करने के लिए आरबीएन की टीम लक्ष्य से बहुत दूर रह गई और सिर्फ 107 रन ही बना सकी। आदर्श मौर्य ने 45 रन बनाए और खेली। एलडीए के लिए वेदांश ने 2 विकेट लिए। इसी के साथ टूर्नामेंट के लीग मुकाबले पूरे हुए।

भारत जो गारंटी चाहता है, वह है मोदी सरकार की गारंटी-रेखा नागर

द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार

गढ़मुक्तेश्वर। विधानसभा के वार्ड नं 5 के जिला पंचायत अध्यक्ष मां रेखा नागर हूण पैतृक गांव ग्राम गोहरा में आयोजित ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ को संबोधित करते हुए कहा भारत जो गारंटी चाहता है, वह है मोदी सरकार की गारंटी है। ग्राम वासियों को सभी विभाग से आये अधिकारी गणों ने विस्तार से केन्द्र सरकार की चल रही योजनाओं को सभी को समझाया व लाभार्थियों को केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों को पत्र वितरित किये। सभी लोगों को विकसित भारत देश बनाने के लिए शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर ग्राम प्रधान नीरव ,एस.डी.ओ, महेन्द्र सिंह, जिला मंत्री कि0मो0 ज्ञान सिंह लोचव जी, मण्डल उपाध्यक्ष गढ़ देहात, पुष्पेन्द्र हूण, जिम्मी त्यागी, राजकुमार प्रधान, अशोक हूण अजब सिंह नागर, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सागर हूण ,सी.एम.ओ हापुड़, सुनील त्यागी, सम्मानित ग्रामवासी व विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

कांग्रेस जनों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौ0 चरण सिंह जी की 122 वीं जयंती

प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कांग्रेस जनों ने किया याद, दी श्रद्धांजलि

द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार

हापुड़। दिन शनिवार को कांग्रेस जनों ने तहसील चौराहा स्थित चौधरी चरण सिंह जी की प्रतिमा स्थल पर एकत्रित होकर किसानों का मसीहा कहे जाने वाले देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी की 122 वीं जयंती मनाई। चौधरी चरण सिंह जी की जयंती पर कांग्रेस जनों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें याद किया। *शहर कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक गोयल ने चौधरी चरण सिंह जी को याद करते हुए कहा कि चौधरी चरण सिंह देश के उन महापुरूषों में से एक थे जिन्हें पूरा देश ÷किसानों का मसीहा÷ के नाम से पुकारता है। चौधरी साहब का जन्म जनपद हापुड़ के ग्राम नूरपुर में हुआ था और उन्होंने ने अपना संपूर्ण जीवन भारतीयता और ग्रामीण परिवेश की मर्यादा में जिया था। उन्होंने कहा कि आगरा विश्वविद्यालय से कानून की शिक्षा लेकर 1928 में चौधरी चरण सिंह जी ने ईमानदारी, साफगोई और कर्तव्यनिष्ठा पूर्वक गाजियाबाद में वकालत प्रारम्भ की और कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन 1929 में पूर्ण स्वराज्य उद्घोष से प्रभावित होकर गाजियाबाद में कांग्रेस कमेटी का गठन किया था। कांग्रेस जनों ने चौधरी चरण सिंह जी की जयंती पर उन्हें याद करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया है और कहा हैं कि आजाद भारत के लिए जो सपना स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी ने देखा था, उन सपनों को साकार करने का काम कांग्रेस पार्टी जरूर करेगी। कांग्रेस जनों ने कहा हैं कि किसानों का मसीहा कहे जाने वाले चौधरी चरण सिंह जी जीवन भर देश के जिन किसानों की आवाज को उठाते रहे, आज केंद्र और प्रदेश की सत्ता पर काबिज़ भाजपा सरकार किसानों की आवाज को दबाने का काम कर रही हैं। देश का किसान अपनी आवाज को उठाने के लिए जब सड़क पर सरकार के खिलाफ अपनी आवाज को उठाता हैं तो ये सरकार पुलिस के दम पर किसानों पर लाठियां भांजने का काम करती हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह अपने हक और हकूब की लड़ाई के लिए संघर्ष करने वाले किसान के साथ चौधरी चरण सिंह सदैव खड़े रहे, ठीक उतनी ही मजबूती के साथ कांग्रेस पार्टी भी देश के अन्नदाताओं के साथ खड़ी रहेगी और चौधरी साहब के सिद्धांतों पर हमेशा चलती रहेगी। इस दौरान समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी गण भी मौजूद रहे और गठबंधन की एकता देखने को मिली। जयंती मनाने वालो में ब्लॉक अध्यक्ष जकरिया मनसबी, वरिष्ठ कांग्रेसी आईसी शर्मा, रघुवर सिंह गौतम, रघुवीर सिंह, डॉक्टर आशाराम शर्मा, विक्की शर्मा, गौरव गर्ग, जितेंद्र अग्रवाल, हृदय प्रकाश, जाहिद हुसैन, कुसुमलता, सविता गौतम, प्रदेश सचिव (समाजवादी पार्टी) शालू जौहरी, अंजू सिंह, सुबोध शास्त्री, मेजर शौकीन चौधरी, तारेश्वर त्यागी आदि लोग मौजूद रहे. !

घने कोहरे के चलते तेज रफ्तार एंबुलेंस पहले से ही खड़े लोडर के पीछे जा टकराई

हादसे में एक कैंसर मरीज और दो महिलाओं सहित आठ लोग गंभीर रूप से घायल

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

बांगरमऊ- उन्नाव। कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र में आगरा- लखनऊ एक्सप्रेसवे पर ग्राम देवखरी के सामने घने कोहरे के चलते तेज रफ्तार एंबुलेंस पहले से ही खड़े लोडर के पीछे जा टकराई। हादसे में एक कैंसर के मरीज और दो महिलाओं सहित आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम और चौकी पुलिस सभी घायलों को बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने मरीज सहित सात यात्रियों को नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दिल्ली के डब्ल्यू-16 ओखला हेड शाहीन बाग निवासी नसीम पुत्र इलियास कैंसर रोग से पीड़ित हैं। नसीम के पुत्र अब्दुल्ला और बहू नाजिया उसे एंबुलेंस से लेकर विहार प्रांत स्थित अपने मूल गांव जा रहें थे। एंबुलेंस से ही कैंसर पीड़ित नसीम के रिस्तेदार इरफान पुत्र मोहम्मद खुर्शीद, अमीना पत्नी नसीर, अतुल्ला पुत्र नसीर भी विहार प्रांत जा रहे थे। एंबुलेंस विवेक यादव निवासी भुलाई किर्थुवा मैनपुरी चला रहा था। जबकि आगे की सीट पर दूसरा चालक गोलू पुत्र विधान सिंह निवासी भुगतियार पुर विहार बैठा था। रास्ते में शुक्रवार को आधी रात आगरा- लखनऊ एक्सप्रेसवे पर ग्राम देवखरी के सामने चालक कोहरे की धुंध के चलते आगे पहले से ही खराब खड़े लोडर को देख नहीं पाया और तेज रफ्तार एंबुलेंस लोडर के पीछे जा टकराई। हादसे में दोनों चालकों सहित एंबुलेंस में बैठे सभी यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम और पीतम पुरा चौकी पुलिस ने आनन-फानन सभी घायलों को सरकारी एंबुलेंस से बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखकर घायल अब्दुल्ला के अलावा सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रेस्क्यू टीम ने हाइड्रा की मदद से क्षतिग्रस्त एंबुलेंस और लोडर को पुलिस चौकी परिसर में खड़ी कराकर मार्ग पर आवागमन बहाल कराया। घायल अब्दुल्ला का इलाज बांगरमऊ सीएचसी में जारी हैं।

मार्ग दुर्घटना में घायल शिक्षक की उपचार के दौरान मौत- शोक की लहर

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

पाटन- उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के राजकीय हाई स्कूल खरझारा में कार्यरत प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार यादव (54 वर्षीय) के असामयिक निधन से शिक्षा जगत क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त। उन्नाव पीतांबर नगर निवासी राजेंद्र कुमार यादव राजकीय हाई स्कूल खरझारा से बुधवार को विद्यालय बंद करने के बाद वापस उन्नाव घर जा रहें थे। लालकुआ- भोजपुर मार्ग पर रुझेई के पास कार ने पीछे से टक्कर मार दी थी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। ग्रामीणों की मदत से उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बीघापुर भेजा गया था जहां इलाज के बाद उन्हें रेफर कर दिया गया था। कानपुर रिजेंसी हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा था।शनिवार भोरपहर इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके दो बेटे हेमंत राज 21 वर्ष व हर्षित 17 वर्ष हैं। उनके निधन से पत्नी सुमन यादव का रो रो कर बुरा हाल हैं। श्री यादव के निधन से पूरे शिक्षा क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हैं।

एक नज़र

थाना दिवस का आयोजन,ग्यारह फरियादी लेकर पहुंचे शिकायत, तीन का निस्तारण

द अचीवर टाइम्स, निखिल मिश्रा/विकास सैनी, लखनऊ। उत्तर प्रदेश राजधानी लखनऊ कमिश्नरेट मलिहाबाद सर्किल के माल थाना परिसर में दिसंबर माह के चौथे शनिवार को थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में थाना दिवस का आयोजन हुआ। आपको बता दें कि माल थाना परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में मात्र ग्यारह शिकायतें मिली, जिसमें तीन शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। शनिवार को इंस्पेक्टर राजेश कुमार त्रिपाठी ने थाना दिवस में शिकायतें सुनीं।इंस्पेक्टर राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि थाना दिवस में ग्यारह शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें तीन शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया। वहीं शेष बची शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम बनाकर मौके पर भेजी गयी है। उनका भी जल्द निस्तारण किया जाएगा।इस मौके पर राजस्व संबंधित विभागों के कर्मी मौजूद रहे।

खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन ने 4 दुकानों से लिए केक के नमूने, जांच हेतु भेज लैब

द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार, हापुड़। जिला अधिकारी प्रेरणा शर्मा के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जनपद टीम द्वारा बॉलीवुड बेकर्स एंड कैटर्स व मूलचंद बेकरी शॉप आवास विकास मेरठ रोड, पाल केक हाउस एंड गिफ्ट सेंटर बाबूगढ़, श्री राम मेगा मार्ट बाबूगढ़ आदि दुकानों से एक एक केक के नमूने लेकर संग्रहित कर लैब के लिए भेज दिए। महेंद्र श्रीवास्तव सहायक आयुक्त खाद्य के निर्देशन एवं सतीश कुमार, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा संदीप कुमार, ओमप्रकाश, शिवदास सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा के उपरोक्त चार दुकानों से चार केक के नमूने वास्ते जांच खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी।

किसान अन्नदाता होने के बाद भी खुद भूखा रह कर दूसरों का पेट भरता है-हरीश हूण

भारतीय किसान यूनियन असली ने मनाई चौधरी चरण सिंह की जयंती

द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार, हापुड़। भारतीय किसान यूनियन असली के जिला अध्यक्ष देवेंद्र बना के नेतृत्व में तहसील चौराहे पर चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर एकत्रित हुए और चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माला अर्पण करते हुए जयंती मनाई गई। जिसमें संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता हरीश हूण के साथ संगठन के सभी कार्यकर्ता शामिल रहे सभी ने माल्यार्पण कर प्रसाद वितरण किया और चरण सिंह की जयंती पर लोगों को प्रसाद खिलाया तो वही राष्ट्रीय प्रवक्ता हरीश हूण ने बताया कि किसान अन्नदाता है वह खुद भूखा रह कर दूसरों का पेट भरता है इसलिए चौधरी साहब की जयंती पर खुशी दिल से सभी किसान भाई सब भाइयों को प्रसाद खिला रहे हैं। इस मौके पर दिनेश प्रधान ,मुकेश पंडित, सुमित मणि, हाजी कलवा, शेर खान, कपिल मणि, मनोज सिरोही ,संजीव सिरोही, शरद सिरोही, मनवीर सिरोही, सागवान, रहमान अंकुर चौधरी, अंकित, सचिन तेवतिया आदि लोग मौजूद रहे।

डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार दो छात्र गंभीर रूप से घायल

द अचीवर टाइम्स संवाददाता ,उन्नाव। बांगरमऊ नगर के पंजाबी टोला निवासी उजैर 16 पुत्र रफी और उसका साथी नगर के पानी टंकी के पीछे निवासी वंश 15 पुत्र राम प्रकाश अपनी बाइक से संडीला मार्ग पर स्थित आरएस स्कूल गया था जहां से शनिवार दोपहर बाद वह वापस अपने घर लौट रहा था तभी सेंधानी चौराहे के समीप सामने से आ रहें एक अनियंत्रित डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार दोनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस से बांगरमऊ सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया हैं।

गाली- गलौज का विरोध करना पड़ा भारी, युवक की किया पिटाई

द अचीवर टाइम्स संवाददाता ,बेहटा मुजावर- उन्नाव। गाली- गलौज करने से मना करने पर युवक की पिटाई कर सर पर कुर्सी से वार कर दिया। उसके सर मे गंभीर चोटे आई। पुलिस ने युवक का मेडिकल कराकर युवक के खिलाफ जांच शुरु की है। थाना क्षेत्र के अरगूपुर गांव निवासी मुनेश कुमार सैनी शनिवार शाम गांव के ही पूर्व प्रधान के घर के पास बैठा था। तभी गांव का ही कपिल मौके पर आया और गाली- गलौज करने लगा। जब मुनेश ने मना किया तो कपिल ने लात घूसों से पिटाई शुरू कर दी और कुर्सी से सर पर वार कर दिया। जब तक आसपास के लोग दौड़े तो वह भाग गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाई की माग उठाई हैं।

खेलकूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

द अचीवर टाइम्स दीपक कनौजिया।

लखनऊ। गुरु गोविन्द सिंह स्पोर्टस कॉलेज, कुर्सी रोड, लखनऊ में लखनऊ मंडल की जोनल खेलकूद प्रतियोगिता वर्ष 2023 का आयोजन लखनऊ मंडल द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेणु सिंह अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, मुख्य वन संरक्षक लखनऊ मंडल लखनऊ एवं विशिष्ट अतिथि ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी सैय्यद अली एवं ओलंपियन सुधा सिंह (पद्मश्री) रहे। तथा संयोजक रवि कुमार सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी अवध वन प्रभाग लखनऊ रहे। इसके अतिरिक्त अधिकारीगण जिनमें प्रभागीय वनाधिकारी अवध, प्रभागीय निदेशक रायबरेली, प्रभागीय निदेशक सीतापुर भी मौजूद रहे। प्रतियोगिता में 12 खेलकूद स्पर्धाएं आयोजित की गई। जिनमें आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों को शपथ ग्रहण कराकर यह बताया गया कि खेलकूद में भावनाओं स्पिरिट ऑफ पार्टिसिपेशन का अहम महत्व होता है। हार जीत न देखते हुए हमें हर्ष अल्लास से प्रतिभाग करना चाहिए। विशिष्ठ अतिथि द्वारा ओलंपियन सैय्यद अली द्वारा ओलंपिक के मार्च फास्ट का अनुभव साझा किया गया व उसी भावना में प्रतिभाग कर मेडल लाने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी अवध द्वारा खेलो इंडिया स्कीम के बारे में विस्तार रूप में बताया गया। लखनऊ मंडल की जोनल खेलकूद प्रतियोगिता के पश्चात चयनित खिलाड़ियों को आगामी राज्य स्तरीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त होगा।

पूर्व प्रधान द्वारा कराऐ कार्यों का भुगतान सचिव ने अपने खातों में कराया

एटा । जलेसरविकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत गांव मुड़ई प्रहलाद नगर की पूर्व प्रधान चंद्रप्रभा देवी के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों का भुगतान सचिव ने अपने रिश्तेदारों के खातों में कराया मटेरियल के पैसों के लिए पूर्व प्रधान पर कर रहे तकाजा पूर्व प्रधान ने मुख्यमंत्री केंद्रीय मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल एवं पंचायती राज विभाग के सभापति पंचायती राज विभाग के सभापति विपिन वर्मा डेविड को शिकायती पत्र देकर की जांच की एवं धनराशि दिलाए जाने की मांग पूर्व ग्राम प्रधान चंद्रप्रभा देवी ने बताया कि उन्होंने अपने कार्यकाल में 23 कार्य कराए थे जिनकी एम वी तैयार है लेकिन दो माह के प्रशासनिक कार्यकाल के दौरान सचिन के द्वारा ऐडियो पंचायत की मिली भगत से करीब 40 लख रुपए की धनराशि को अपने रिश्तेदारों के खातों में ट्रांसफर कर दी गई ।

सपा का ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ संपन्न

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

उन्नाव। समाजवादी पार्टी का ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र के बीघापुर ब्लॉक में शनिवार को संपन्न हुआ। वहीं देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माला पहनाकर एवं पुष्प चढ़ा कर सभी ने नमन किया। बैठक की अध्यक्षता सपा ज़िलाध्यक्ष राजेश यादव ने करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका हैं जनपद के जनमानस में मौजूदा सरकार के द्वारा जो कठनाईया एवं अत्याचार व्याप्त हैं इसकी लड़ाई पूर्व सांसद, लोकसभा प्रत्याशी अन्नू टण्डन के नेतृत्व में ही लड़ी जा सकती हैं। श्री यादव ने कहा कि समाजवादी विचारधारा के लोगों को अब समाज में अपनी विचारधारा की बात करना होगा झूठ बोलने वालों को अब स्वीकार नहीं किया जाएगा। गाँव-गाँव चौपाल लगा कर मौजूदा सरकार की जुमलेबाज़ी को उजागर किया जाएगा। पूर्व सांसद, लोकसभा प्रत्याशी अन्नू टण्डन ने संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक के मत से एक नेता व एक जनप्रतिनिधि बनता हैं ब्लॉक के 117 बूथों का कोई न कोई प्रतिनिधि समाजवादी पार्टी के सम्मेलन में मौजूद हैं। जनप्रतिनिधियों की भूमिका ग़रीब, पिछिड़ा, मज़लूम, कमजोर लोगों को आगे बढ़ाना होता हैं नवजवानों को रोज़गार, और जनमानस आर्थिक रूप से जब मज़बूत होगा देश तभी तरक़्क़ी करेगा।

अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रस्तावित आगमन की तैयारी का अधिकारियो ने लिया जायजा

अयोध्या। अयोध्या मंडलायुक्त गौरव दयाल एवम आई0जी0 प्रवीण कुमार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर के साथ अयोध्या स्थित श्रीराम एयरपोर्ट का और 30 दिसंबर को अयोध्या आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की प्रस्तावित जनसभा स्थल का निरीक्षण किया । इस अवसर पर उन्होंने मौजूद सभी अधिकारियो और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया । उन्होंने इस अवसर पर कार्य में तेजी लाने और किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करने की कड़ी हिदायत दिया।

शक्ति नगर कलोनी के लोगों ने साफ़-सफ़ाई व नाली खड़ंजा बनवाने को लेकर नगर पालिका के खिलाफ किया प्रदर्शन

द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार

हापुड़। मेरठ रोड स्थित शक्ति नगर कालोनी में लगा गंदगी का अंबार, कॉलोनी निवासी पंहुचे नगर पालिका, साफ़-सफ़ाई व नाली खड़ंजा बनवाने को लेकर किया प्रदर्शन। जिस तरह क्षेत्र में मच्छर जनित बीमारियों का प्रकोप है और डेंगू से अब तक दो की मौत हो गई दर्जनो हुए हैं बीमार आपको बता दे हापुड़ नगर पालिका परिषद की भेदभाव पूर्ण कार्यशैली को लेकर, सभासदों के द्वारा किए गए प्रदर्शन व अनशन की गूंज अभी थमी भी नहीं है कि, मेरठ रोड़ स्थित शक्ति नगर कॉलोनी में पसरी भारी गंदगी को लेकर, वंहा के निवासी आज नगर पालिका पंहुचे, सैंकड़ों की संख्या में आए स्त्री-पुरषों ने कॉलोनी की नाली व खड़ंजे बनाने तथा तुरन्त सफ़ाई कराने की मांग करते हुए, ज़ोरदार प्रदर्शन किया। नाली के गंदे पानी से भरी गलियों में पनप रहे मच्छरों से उत्पन्न बीमारियों से परेशान शक्ति नगर वासियों के अनुसार विगत कई वर्षो से कॉलोनी में कुछ भी विकास कार्य नहीं किया गया है। जिसके चलते नालियां टूट गई हैं और गंदा पानी सड़कों पर भर रहा है, पालिका द्वारा साफ सफाई न कराए जाने के कारण मच्छर जनित बीमारियों का प्रकोप भी काफ़ी बढ़ रहा है। ड़ेंगू से अब तक कॉलोनी में दो मौत हो चुकी हैं, जबकि दर्जनों अन्य लोग बीमार हैं। लेकिन स्वास्थ्य विभाग तथा नगर पालिका परिषद हापुड़ को बार-बार शिकायत देने के बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण यहां की जनता काफी त्रस्त व गन्दगी में जीने को मजबूर है। पालिका की लापरवाही का मंजर यह है कि अपनी समस्या को लेकर आए शक्ति नगर वासियों ने अपनी मांगो वाला एक ज्ञापन जब पालिका के अधिकारियों को सौंपना चाहा तो, ज्ञापन लेने के लिए भी कोई नहीं आया, जिसके कारण प्रदर्शन कर रही महिला व पुरूष निराश होकर वापिस लौट गए।

दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

द अचीवर टाइम्स ङ्क निखिल मिश्रा/विकास सैनी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राजधानी लखनऊ कमिश्नरेट माल थाना प्रभारी के नेतृत्व में चलाए जा रहे अपराधियों के धड़पकड़ अभियान में बलात्कार के अपराधी को पुलिस ने धर दबोचा। मिली जानकारी अनुसार शनिवार को माल थाना इंस्पेक्टर राजेश कुमार त्रिपाठी मय पुलिस बल उप निरीक्षक रामसजीवन सरोज,मुख्य आरक्षी आदित्य कुमार,आरक्षी प्रकाश यादव महिला आरक्षी पूनम कुमारी के साथ थाना क्षेत्र में चैकिंग की दौरान मौजूद थे तभी मुखबिर जरिए सूचना पर थाना पर दर्ज बलात्कार सहित अन्य गंभीर धाराओं में दर्ज अभियोग का वांछित अभियुक्त को भट्ठा चौराहे से अभियुक्त व उसके बच्चे को गिरफ्तार किया नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम कुलदीप मौर्या निवासी ग्राम हरिगढ़ी पोस्ट कटरा थाना माखी जनपद उन्नाव बताया।अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गई साथ ही अभियुक्त के छः माह के नवजात शिशु के उचित संरक्षण हेतु अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट व सदस्य बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया।

कई माह से बंद क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण कार्य पूर्ण- आवागवन हेतु खोला गया

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

औरास- उन्नाव। कई माह से क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण के लिए बंद किया गया था लगभग एक माह के अंदर ठेकेदार के द्वारा पुल के मरम्मतीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया। जिसके उपरांत पीडब्ल्यूडी ने वाहनों का आवागवन पुल से शुरू करा दिया हैं। कस्बा औरास से निकली सई नदी का पुल कई माह पूर्व क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसको सेतुनिगम के द्वारा भारी वाहनों का प्रवेश पर रोक लगा दिया गया था। जिससे स्कूली बच्चों के वाहन, प्राइवेट बसों का संचालन व आसपास गांव के लोगों को आने-जाने में समस्या हो रही थी। जिसके उपरांत वैकल्पिक पुल की व्यवस्था आगरा- एक्सप्रेसवे के नीचे से निकली सई नदी पर पाइप डालकर औरास नगर अध्यक्ष राकेश कुमार के द्वारा कराया गया था।एक माह से चल रहें क्षतिग्रस्त पुल के निमार्ण का कार्य शुक्रवार शाम को पूर्णतः पूर्ण हो गया। जिसके बाद शनिवार सुबह सेतु निगम व पीडब्ल्यूडी के जिम्मेदार अधिकारियों ने पुल पर वाहनों के आवागमन हेतु खुलवा दिया गया हैं। जिस पुल पर आवागमन दोबारा से पुनः संचालित हो गया है जिससे प्राइवेट बसों और स्कूली वाहनों को आने-जाने के लिए मार्ग सुगम हो गया हैं।

समाजसेवी ने विद्युत विभाग की बुद्धि- शुद्धि हेतु अपने सहयोगियों संग हवन का कराया आयोजन

- ❖ कचेहरी क्रासिंग के निकट स्थित श्री पीपलेश्वर महादेव शिव दुर्गा मन्दिर में आचार्य ने विधि विधान से पूजा- अर्चना कराया।
- ❖ इसके पूर्व बड़े चौराहें से कचेहरी क्रासिंग तक विरोध प्रदर्शन किया गया।

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

उन्नाव। कभी अवैध वसूली, कभी गलत बिल तो कभी झूठे मुक़दमों के द्वारा जनता को परेशान करने वाले विद्युत विभाग की बुद्धि- शुद्धि के लिए गीता जयंती पर भगवान नरसिंह की पूजा व हवन कर विद्युत विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के अंत की प्रार्थना की गयी। कचेहरी क्रासिंग के निकट स्थित श्री पीपलेश्वर महादेव शिव दुर्गा मन्दिर में आचार्य नीरज ने विधि विधान से पूजा- अर्चना कराई। इसके पूर्व बड़े चौराहें से कचेहरी क्रासिंग तक विरोध प्रदर्शन किया गया। विदित हो विद्युत विभाग ने पूरे उन्नाव जनपद में अत्याचार मचा रखा हैं। लोगों को कभी झूठे मुकदमें में फसाना, कभी अवैध वसूली के लिए तो कभी गलत बिल भेजकर लोगों को मानसिक प्रताड़ना देना विद्युत विभाग की फितरत बन गया हैं। इसी के चलते समाजसेवी उदयकान्त बाजपेई ने विद्युत विभाग की बुद्धि- शुद्धि हेतु अपने सहयोगियों संग हवन का आयोजन कराया। इस अवसर पर बच्चों समेत दो दर्ज़न लोगों ने हवन में आहुति डाली। हवन में पूर्णआहुति के समय बच्चों ने प्रार्थना की कि हे परमपिता परमेश्वर विद्युत विभाग के राक्षसों, डकैतों व बेशर्मेन्द्र जैसे अधिकारियों ने हम मनुष्यों को त्रस्त कर रखा हैं। इसलिये हम आपके पास प्रार्थना करने आयें हैं जिससे आप इन राक्षसों को सद्बुद्धि दें और ये अपने अत्याचार और भ्रष्टाचार के बल पर हम मनुष्यों को सताना छोड़ दें।

अयोध्या में कांग्रेस पार्टी ने भाजपा सरकार की कड़ी निन्दा करते हुए दिया ज्ञापन

अयोध्या। केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा दोनों सदनों के 142 सांसदों को निलंबित करने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव की अगवाई में प्रदर्शन किया।कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन में एकत्रित होकर सरकार विरोधी नारे लगाते हुए जुलूस की शक्ल में प्रदर्शन हेतु निकले तथा रास्ते में जिला अस्पताल के पास पुलिस प्रशासन ने उन्हें जबरन रोका। इससे पूर्व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा भाजपा सरकार ने लोकतंत्र पर अप्रत्याशित हमले करते हुए दोनों सदनों से 142 सांसदों को निलंबित कर दिया। सरकार का यह कृत्य हमारे लोकतांत्रिक सिद्धांतों की हत्या और हमारी संसद को लोकतंत्र के कब्रिस्तान में बदलने का प्रयास है।

एसीसी सीमेन्ट द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया

विभिन्न प्रांतों से आयें सिविल इंजीनियरों ने किया प्रतिभाग

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

नवाबगंज- उन्नाव। स्थानीय पक्षीविहार में देश के इंजीनियरों की एक बैठक हुई जिसमें आये सिविल इंजीनियरों ने अपनी उपयोगिता के बारे में चर्चा की और समाज में उनके योगदान को कैसे और बढ़ाया जाये व जो भी सरकार की योजनांये चल रही हैं उनकों बेहतर तरीके से कैसे बनाया जायें जिससे की समाज को ज्यादा लाभ हो। इंजिनियरों को राष्ट्रीय स्तर की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु नियामक बिल के लिये मांग तेज करने की चर्चा हुई। इंजीनियरों की संस्था एपीजीसीई के राष्ट्रीय अध्यक्ष एफ यू रहमान ने बताया की देश में कही भी निर्माण का काम हो इसके लिये सिविल इंजिनियरों की जरुरत होती हैं और देश के निर्माण में इंजिनियरों की अहम भूमिका हैं ये पेशेवर इंजिनियरों द्वारा मुख्य रुप से औधोगिक, वाणिज्यिक, आवासीय और हाईड्रोलिक परियोजनाओं को निर्माण से समाज को वास्तुकला और संरचनात्मक इंजिनियरिंग सेवायें दी जा रही हैं जिससे की राष्ट्र का निर्माण हो रहा हैं पर इसके बाद भी सरकार उनका ध्यान नही दे रही हैं। बताया की आवश्यकता हैं की कामकाजी सिविल इंजिनियरों के लिये नियामक इंजीनियर बिल की आवश्कता हैं जिसमें की इंजिनियरों के हक निहित हो। बतलाया गया कोई भी सिविल इंजीनियर को यदि अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं में काम करना होता हैं तो उनके सारे अधिकारी इस बिल में निहित होते हैं। सरकार से मांग की जा रही हैं की इस बिल को लाकर पेशेवर स्नांतक इंजीनियरों को राहत दे। साथ ही कंक्रीट टाक के बारे में भी चर्चा हुई। बैठक का उद्देश्य हैं की जो भी अन्य इंजीनियर जो कई विभागों में काम कर रहें हैं उनकों भी इस संस्था में लाकर उनके अधिकारों के लिये लड़ा जायेगा। इस अवसर पर देश के विभिन प्रान्तों उत्तर प्रदेश, दिल्ली, बिहार, उत्तराखण्ड और असम के साथ कई अन्य प्रदेश से करीब 150 इंजीनियरों ने भाग लिया। इस अवसर पर कुमार नीरज, विवेक नारायण, सिविल इंजीनियर जीतेन्द्र रावत समेत काफी लोग मौजूद रहें। इस सेमिनार का आयोजन एसीसी सीमेन्ट के अधिकारियों द्वारा किया गया।

उच्चन्यायालय न्यायाधीश ने परिवार संग पक्षीविहार का किया भ्रमण

गॉड ऑफ आनर देकर किया गया स्वागत

तकरीबन 04 घण्टे रुकने के बाद अपने गंतव्य को हुए रवाना।

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

नवाबगंज- उन्नाव। विकास खंड स्थित पक्षीविहार का लखनऊ माननीय उच्चन्यायालय में तैनात न्यायाधीश अब्दुल मोईन खान परिवार के साथ आये और झील का भ्रमण कर देशी और विदेशी पक्षियों को देखा और करीब 04 घण्टे रुकने के बाद वो वापस हो गये।

स्थानीय चन्द्रशेखर आजाद पक्षीविहार में लखनऊ उच्चन्यायालय न्यायाधीश अपने पूरे परिवार के साथ पंहुचे तो उनको गॉड ऑफ आनर देकर उनका स्वागत किया गया और उसके बाद वो सीधे झील परिसर पंहुचे वहां पर देशी और विदेशी पक्षियों को देखने के साथ पूरी झील का पैदल भ्रमण किया। इस दौरान उनको फॉरेस्टर अमन वर्मा और बंटी ने पक्षियों के विषय मे जानकारी दी। उनकों बताया की विदेशी पक्षी यहां आते है और पूरे सर्दी के मौसम में यहां पर रहते हैं।

इस दौरान सुरक्षा के लिये अजगैन पुलिस के जवान तैनात रहें।

विद्यालय वार्षिकोत्सव (प्रेरणा दिवस) एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

पुरवा- उन्नाव। स्थानीय विद्यालय में बड़े धूमधाम से वार्षिकोत्सव (प्रेरणा दिवस) एवं प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ जिसमें नन्हें- मुन्हें बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कस्बा के मौरावां मार्ग शिव-विहार स्थित श्रीमती राम रानी देवी चौरसिया पब्लिक स्कूल में स्व0 राम रानी देवी की 10वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विद्यालय का वार्षिकोत्सव (प्रेरणा दिवस) शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया। चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष एवं मौरावां नगर पंचायत अध्यक्ष कुंवर विवेक नारायण सेठ ने दीप प्रज्वलित कर एवं महापुरुषों की प्रतिमाओं पुष्पांजलि अर्पित की। विवेक सेठ ने अपने उद्बोधन में कहा कि अच्छी शिक्षा से ही समाज व देश का भला होगा। एआरटीओ प्रवर्तन अरविंद कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में रोड़ सेफ्टी तथा यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया तथा विद्यालय के सर्वश्रेष्ठ तीन छात्रों अनिकेश यादव, उन्नति चौरसिया व अंशिका यादव को चिराग उर्फ लोली चौरसिया की स्मृति में प्रतिभा सम्मान दिया गया। इसके बाद छात्रों ने सांस्कृतिक एवं राष्ट्र प्रेम से परिपूर्ण गीतों ममता के मंदिर में, आई लव माई इंडिया, एक बार सलामी दे दो, मुरली बाजेगी, मेरे शंकर पधारो आदि पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी को आनंदित किया। कार्यक्रम में शामिल हुए भारतीय चौरसिया महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अपना दल एस के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा आर जी एकेडमी ऑफ इंस्टीट्यूशंस के निदेशक विजय चौरसिया ने सभी प्रतिभागी छात्रों को सम्मानित किया तथा उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्कारयुक्त शिक्षा ही सफलता की जननी हैं। इस दौरान संस्थान के संरक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार योगेन्द्रनाथ द्विवेदी, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य जगत नारायण बाजपेई, सहकारी समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार मनोज चौरसिया, राजीव ठाकुर, अर्पित शर्मा, आशीष सिंह, श्रीराम यादव समेत कई गणमान्य लोगों को अंगवस्त्र भेंटकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर विद्यालय परिवार ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रबंधक पूनम चौरसिया, संचालक एडवोकेट रत्नम चौरसिया, भारतीय चौरसिया महासभा के जिलाध्यक्ष चौरसिया शिवम चौऋषि, शुभम चौरसिया आदि ने उपस्थित जनसमूह का आभार जताया। इस दौरान गौरव शर्मा, आवेश अवस्थी, पारस बाजपेई, संतोष चौरसिया, लवकुश चौरसिया, सर्वेश चौरसिया, राजीव चौरसिया, संतोषी नंदन शुक्ल, राजू गुप्ता, अन्नू गुप्ता समेत कई सैकड़ा छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहें।

एक नज़र

साथियों संग युवक ने श्रमिक को पीटा व तमंचा लगा रुपए छीनने का आरोप

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

बिछिया- उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के अलगनगढ़ के निकट गंगा एक्सप्रेसवे में काम कर रहें श्रमिक रहमत अली का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें श्रमिक एक गोलू यादव नाम के युवक का नाम ले रहा हैं आरोप लगाया हैं की पास गांव के ही एक युवक ने अपने कुछ साथियों के साथ मेरे साथ रात के अंधेरे में मारपीट किया व मेरे दो साथियों को भी मारापीटा और मुझे वेतन मिला था बीस हजार रुपए वो भी तमंचा लगाकर छीन ले गया हैं पुलिस को सूचना दी हैं। गंगा एक्सप्रेसवे में लगी गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की हैं जिससे उसका सीसा टूट गया। इस घटना में जब दही थानाध्यक्ष अनुराग सिंह से बात की गई तो बताया की आपसी मारपीट का मामला था दोनों पक्षों ने आपसी समझौता कर लिया हैं।

नन्हें- मुन्ने बच्चों को सेंटा क्लॉज ने बांटे उपहार नगर के विभिन्न विद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया क्रिसमस- डे

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

शुक्लागंज, उन्नाव। आनंद नगर स्थित शिवम कान्वेंट स्कूल में क्रिसमस- डे को देखते हुये पार्टी का आयोजन किया गया। इसके साथ ही राजधानी मार्ग स्थित अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में भी बच्चों ने क्रिसमस- डे को सैलीब्रेट करने के लिए स्कूल में क्रिसमस ट्री की सजावट की। वहीं पोनी रोड़ स्थित दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज में क्रिसमस- डे पर नन्हें- मुन्ने बच्चें सेंटा क्लाज की वेषभूषा में पहुंचे। जहां सेंटा क्लॉज ने उपहार बांटे। इस दौरान प्रबंधक संतोष तिवारी, प्रधानाचार्या सुधा तिवारी, अभिषेक तिवारी, सुधीर सिंह के अलावा शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। वहीं राजमार्ग स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल में भी क्रिसमस- डे मनाया गया। इसके अलावा संत विवेकानंद स्कूल, पूर्णिमा विद्या मंदिर, शिवांश कान्वेंट, महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल में भी बच्चों ने क्रिसमस- डे मनाया।

भरावन क्षेत्र के लोग अन्ना मवेशियों से परेशान होकर भूंख हड़ताल करने को मजबूर

द अचीवर टाइम्स अभिषेक राजपूत

हरदोई। विकासखंड भरावन क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिपरी नारायणपुर में अन्ना मवेशियों से ग्रामीण किसान परेशान होकर भूख हड़ताल करने को हुए मजबूर, 22/12/2023 ,से पिपरी गांव में स्थित मां काली देवी के प्रांगण में अनशिचित कालीन भूख हड़ताल धरना प्रदर्शन किया जारी ग्रामीणों ने कहा कि यदि हमारी मांगे पूरी नही हुई तो योगी आदित्यनाथ जी के आवास पर आत्मदाह कर लेंगे,रामकिशोर सिंह , , ग्रामीणों की मांग अन्नावासियों के लिए गौशाला का निर्माण करवाया जाए, अन्ना मवेशी हजारों की संख्या में घूम रहे हैं अन्ना मवेशियों को गौशाला में बंद करवाया जाए जिससे हमारी फसले बच सके ग्रामीण किसानों ने बताया कि हमारी फसले अन्ना मवेशियों से नष्ट हों रहीं हैं एक-एक दाने को तरसने को मजबूर, धरना स्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने कहा भूख हड़ताल करने से अगर कोई ग्रामीण बीमार होता है तो इसका जिम्मेदार प्रशासन होगा,, ग्रामीण रामकीशोर सिंह , अमरेश यादव किसान नेता ,, अमन उर्फ अरुण द्विवेदी पूर्व प्रधान,, रामविलास , जयराम ,नरेश, रितेश सिंह, आदि बहुत अधिक संख्या में ग्रामीण किसान मौजूद रहे।

गौ हत्या के आरोप में मैगलगंज पुलिस चार आरोपियों को किया गिरफ्तार भेजा जेल

द अचीवर टाइम्स रमेश चन्द्र

लखीमपुर खीरी। थाना मैगलगंज पुलिस ने गौ हत्या निवारण अधिनियम के तहत 04 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। चारो आरोपियों पर गौ हत्या का मुकदमा दर्जकर भेजा जेल। मैगलगंज क्षेत्र में शुक्रवार को खेत में गौवांशो के अवशेष मिले थे। पुलिस अज्ञात लोगों के खिलाफ गौकसी का मुकदमा दर्जकर लिया था।जिसके बाद क्षेत्र में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाया गया। अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 23.12.2023 को सम्बन्धित मु0अ0सं0 471/023 धारा 3/5/8 गौ हत्या निवारण अधिनियम उत्तर प्रदेश थाना मैगलगंज खीरी में प्रकाश में आये 06 नफर अभियुक्त प्रकाश में आए थे। जिन्हे पुलिस तलाश कर रही थी। पुलिस ने 04 नफर अभियुक्त 01. एहसान कुरैशी ह्य/श समीम कुरैशी, 2. गुफरान पुत्र नन्हे, 3. इलियास उर्फ पौवा ह्य/श हमीद, 4. मो0 यासीन उर्फ अल्लू ह्य/श हमीद सर्व निवासी ग्राम औरंगाबाद थाना मैगलगंज जनपद लखीमपुर खीरी को मुखबिर की सूचना पर ढकौरा गांव के तालाब के पास से समय 13.00 बजे गिरफ्तार कर लिया। एसओ ने बताया चारों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। बाकी आरोपियों को तलाश की जा रही है।

प्रधान शिक्षिका की लापरवाही लेट पहुंच रहीं विद्यालय- जिम्मेदार बेख़बर

ग्राम परसंदन के कंपोजिट विधालय में सुबह 9:15 बजें तक विधालय का नहीं खुला गेट

- शिक्षक सहित बच्चें विद्यालय के बाहर खुलने का करते रहें इंतजार।
- बारादरी में छह दिवसीय प्रदर्शनी में साड़ी, सूट, डिजायनर वेस्टर्न और ब्राइडल वियर सिल्क कॉटन साड़ी मौजूद।
- करीब 9:25 बजें प्रधान शिक्षिका ने आकर गेट खोला।
- एसडीआई ने मॉंगा स्पष्टीकरण।



द अचीवर टाइम्स संवाददाता

नवाबगंज- उन्नाव। विकास खण्ड के गांव परसंदन के कंपोजिट विधालय में सुबह 9:15 बजें तक विधालय का गेट न खुलने से यहां पढ़ने वाले बच्चें और दो शिक्षिकाएं बाहर गेट खुलने का इंतजान करती रहीं।करीब 9:25 बजें प्रधान शिक्षिका ने आकर गेट खोला तब बच्चें अंदर गये। मालूम हो की सभी प्राथमिक और जूनियर विधालय सुबह 8:45 बजें पर खुलने का समय है जिससे की 9:00 बजे प्रार्थना होकर शिक्षण कार्य आरम्भ हो सके पर शिक्षक हैं की ये मानने को तैयार नही हैं। विकास खण्ड के ग्राम परसंदन के कंपोजिट विद्यालय का गेट सुबह 9:15 बजें पर भी नही खुला और वहां पढ़ने के लिये आयें बच्चें वहीं सड़क पर बैठे रहें और वहां पर शिक्षिका शोभा गुप्ता और श्वेता सिंह पंहुची वो भी बाहर खड़ी रहीं। प्रधान शिक्षिका हेमलता 9:25 पर पंहुची तो गेट खुला तब बच्चों ने विद्यालय में प्रवेश किया। इस संबध में एसडीआई इन्द्रा देवी बताती हैं की उनकों जानकारी हुई हैं शिक्षिका से इसका स्पष्टीकरण मांगा जा रहा हैं।

व्यापारी नेताओं ने अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

बांगरमऊ- उन्नाव। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष शरद अग्रवाल और नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष रविकांत गुप्ता ने शनिवार को पालिका कार्यालय पहुंचकर अधिशासी अधिकारी मोनिका उमराव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पालिका द्वारा जारी विविध कर शुल्क एवं कर निर्धारण नियमावली को जनविरोधी एवं व्यापार विरोधी बताया गया हैं। दोनों व्यापारी नेताओं द्वारा ज्ञापन में कहा गया हैं कि नगर की अधिकांश आबादी निम्न और मध्यम वर्गीय परिवारों की है। नई टैक्स नियमावली में जहां सभी भवनों पर भारी-भरकम टैक्स वसूल करने की तैयारी हैं, वहीं ठेलिया, खोमचा, चाय, मिठाई, साइकिल व कपड़े जैसे फुटपाथी दुकानदारों को भी भारी टैक्स के दायरे में ले लिया गया हैं। व्यापारी नेताओं के अनुसार जल मूल्य और भवन नामांतरण शुल्क को भी अवैधानिक ढ़ंग से करीब दस-बारह गुना कर दिया गया हैं। यदि विज्ञापित टैक्स नियमावली लागू कर दी गई तो नगर की आम जनता ही नहीं बल्कि संपूर्ण व्यापारी भी त्राहि-त्राहि कर उठेंगे। व्यापारी नेताओं ने पालिका प्रशासन से नई टैक्स नियमावली स्थगित करने की मांग उठाई हैं।

कोरारी कला में विकसित भारत संकल्प यात्रा

एल ई डी द्वारा बड़ी स्क्रीन पर योजना के विषय में ग्रामीणों को जानकारी दी गई

द अचीवर टाइम्स मुकेश राजपूत

उन्नाव । ब्लाक मियागंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोरारी कलां में विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के सफीपुर विधायक ने आवास, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आयुष्मान कार्ड शौचालय के आलाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान व विद्यालय के छात्र सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे । ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोरारी कलां में विकसित भारत संकल्प यात्रा की वैन पहुंची। विडियो के माध्यम से ग्रामीणों को योजना के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सफीपुर विधायक बम्बालाल दिवाकर ने दीप प्रवज्वलित कर शुभारम्भ किया । ग्राम प्रधान छेदाना ने सभी का आभार व्यक्त किया। विधायक ने 37 प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को चाबी और प्रमाणपत्र वितरित किया। वहीं 90 लोगों को आयुष्मान कार्ड, 125 शौचालय, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया । विधायक ने सरकार की लाभकारी योजनाओं के विषय में जानकारी दी। दो बच्चों का अन्न प्रासन कराया। इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी वेद प्रकाश वर्मा, राधेश्याम , राजेन्द्र कुमार द्विवेदी, विजयपाल सिंह, वीरपाल सिंह, पवन सिंह, राम प्यारे, अश्वनी तिवारी, प्रधान संघ अध्यक्ष प्रवीण रावत, मलखान सिंह, राजेश सिंह, विद्यालय के छात्र व शिक्षक सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे ।

गूलर के पेड़ से लटका मिला युवक का शव

द अचीवर टाइम्स रमेश चन्द्र

लखीमपुर खीरी फरधान। थाना क्षेत्र के गांव सराय में एक युवक का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाया और मामले की जांच पड़ताल शुरू की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बेल ग्राम पंचायत के मजरा सराय में शनिवार की दोपहर बाद गांव के लोगों ने गांव के बाहर एक गूलर के पेड़ में चादर से युवक का लटका हुआ शव देखा। देखते देखते मौके सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ इकठ्ठा हो गई। सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गई। आसपास के लोगों से शिनाख्त कराने पर पहचान हुई। फांसी पर लटका युवक सराय का रहने वाला सतीश कुमार है। पुलिस ने मृतक के चाचा महेश प्रसाद को सूचना दी। सूचना पाकर मृतक के परिजन रोते हुए मौके पर पहुंच गए। मृतक के चाचा महेश प्रसाद ने पुलिस को बताया उसका भतीजा सतीश कुमार 38 वर्ष मंदबुद्धि का है। आज सुबह घर से निकला था। उसके बाद घर नहीं पहुंचा था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरने की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम को भेज दिया। एसओ ब्रजेश कुमार मौर्य ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। परिजनों के अनुसार मृतक मंदबुद्धि का है इसलिए ऐसा कदम उठा लिया है।

किन्नर गुट आपस में भिड़े तीन किन्नरों के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज

कुवरगांव । थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी एक किन्नर ने बदायूं के तीन किन्नरों के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। कस्बा कुवरगांव वार्ड नंबर 7 की निवासी किन्नर रज्जो पुत्र विजय सिंह ने बुधवार को थाने में तहरीर देकर बताया कि उनकी सहयोगी किन्नर बबली व गुड्डू निजामपुर थाना विनावर से बधाई लेकर लौट रही थी जहां आंवला बदायूं में ललेई गुरुद्वारा के पास बदायूं के किन्नर शांति, रुबीना, अफसर तीनों ने मिलकर बबली को गालियां देकर रोक लिया और मारपीट शुरू कर दी जिससे बबली के हांथ में गंभीर चोट लग गई । तीनों लोग भविष्य में जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए । रज्जो ने थाने में तहरीर देकर रुबीना, शांति, अफसर निवासी मोहल्ला महाराज नगर छोटी सरकार बदायूं के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।

पूर्णिमा तिवारी सहित लेखपाल ने वितरण किए कंबल, गरीबों के खिल उठे चेहरे

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

हसनगंज उन्नाव। किसी गरीब की ठंड से मौत न हो इसको लेकर शासन व प्रशासन प्रयासरत है। शनिवार को तहसील परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक व तहसील दार, नायब तहसीलदार ने शासन की ओर से संचालित की गई योजनाओं की जानकारी देते हुए गरीबों व दिव्यांगों को कंबल बांटे। कंबल पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल गए।शनिवार को तहसील परिसर में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक ब्रजेश रावत ने वहां पर उपस्थित लोगों से बताया कि सरकार किसान व गरीबों के हित में काम कर रही है। ठंड से बचाने के लिए गरीबों को कंबल वितरित किए जा रहे हैं। हर पात्र व्यक्ति का चयन राजस्व विभाग कर रहा है सभी को कंबल दिया जाएगा। विधायक ने लगभग 200 लोगों को अपने हाथ से कंबल दिय इस मौके पर तहसीलदार विराग कवरिया, नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी मोहान नगर पंचायत अध्यक्ष समरजीत यादव, मोहान लेखपाल प्रशांत मिश्रा, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

आठ सौ ग्राम गांजे के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

द अचीवर टाइम्स रमेश चन्द्र

लखीमपुर खीरी फरधान। पुलिस ने शनिवार को गश्त के दौरान एक गांजा तस्कर को आठ सौ गांजे के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त एक थैले में गांजा लेकर बेंचने जा रहा था। फरधान पुलिस शनिवार की सुबह क्षेत्र शांति व्यवस्था के लिए गश्त कर रही थी। कैमहरा मोड़ पर एक युवक हाथ में थैला लिए खड़ा मिला। पुलिस टीम ने उसे पूछताछ के लिए पास बुलाया तो खड़ा युवक जाने का प्रयास करने लगा। उसे रोक कर जामा तलाशी लेने पर झोले में गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में युवक ने अपना नाम जितेंद्र गिरि निवासी मूंडाबुजुर्ग बताया। एसओ ब्रजेश कुमार ने बताया पकड़े गए युवक पर एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

शिकायतकर्ता से परेशान तकनीकी सहायक ने खाया जहर, चल रहा इलाज

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। शिकायतकर्ता की प्रताड़ना और धमकियों से परेशान होकर रामनगर ब्लॉक में तैनात एक तकनीकी सहायक ने जहर खा लिया। जानकारी होते ही पूरे परिवार में हड़कंप मच गया। आनन फानन परिजन हिंद मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे जहां टी.ए.का उपचार चल रहा है। इस संबंध में उपलब्ध जानकारी के मुताबिक बराती लाल रामनगर ब्लाक में तकनीकी सहायक (टी ए) मनरेगा के पद पर कार्यरत हैं। ग्राम पंचायत गर्री निवासी वीरेंद्र कुमार सिंह उर्फ गोलू ने ग्राम प्रधान से रंजिश को लेकर एक प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी को लेकर विकास कार्यों में धांधली किए जाने का आरोप लगाया था। जिलाधिकारी के निर्देश पर जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित की गई थी जिसमें जिला समाज कल्याण अधिकारी पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता नायब तहसीलदार रामसनेहीघाट को शामिल किया गया था। बताया जाता है कि अधिकारियों के निर्देश पर तीन सदस्यीय टीम ने ग्राम पंचायत गर्री में कराए गए विकास कार्यों की मौके पर पहुंच कर कई दिनों तक जांच पड़ताल की। सूत्रों के मुताबिक जांच टीम को विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की धांधली नहीं पाई गई थी। परिजनों के मुताबिक इसके बावजूद शिकायत कर्ता के द्वारा खुद को भाजपा नेता बताते हुए नेताओं से अधिकारियों पर दबाव बनाया जा रहा था। इसके अलावा शिकायत कर्ता के द्वारा तकनीकी सहायक से मिलकर शिकायत को मैनेज करने के लिए तरह-तरह से दवाव बनाया जा रहा था ऐसा न करने पर फंसाये जाने की धमकी दी जा रही थी। जिससे परेशान होकर शनिवार को सुबह तकनीकी सहायक बराती लाल ने अपने घर में जहर खा लिया। इसके बाद अपने रिश्तेदारों कुछ खास दोस्तों को मैसेज व फोन किया परिवार और बच्चों को देखने की विनती की गई। उसके बाद जहर खाने का पता चला और परिजन में हिन्द मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे जहां इलाज चल रहा है। फिलहाल हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

काशी विश्वनाथः जिनके त्रिशूल पर विराजित है वाराणसी नगर

भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में शामिल उत्तरप्रदेश की प्राचीन धार्मिक नगरी वाराणसी में हजारों साल पूर्व स्थापित श्री काशी विश्वनाथ मंदिर विश्वप्रसिद्ध है। हिन्दू धर्म में सर्वाधिक महत्व के इस मंदिर के बारे में कई मान्यताएं हैं। माना जाता है कि भगवान शिव ने इस 'ज्योतिर्लिंग' को स्वयं के निवास से प्रकाशपूर्ण किया है। पृथ्वी पर जितने भी भगवान शिव के स्थान हैं, वे सभी वाराणसी में भी उन्हीं के सानिध्य में मौजूद हैं।

भगवान शिव मंदर पर्वत से काशी आए तभी से उत्तम देवस्थान नदियों, वनों, पर्वतों, तीर्थों तथा द्वीपों आदि सहित काशी पहुंच गए। विभिन्न ग्रंथों में मनुष्य के सर्वविध अभ्युदय के लिए काशी विश्वनाथजी के दर्शन आदि का महत्व विस्तारपूर्वक बताया गया है। इनके दर्शन मात्र से ही सांसारिक भयों का नाश हो जाता है और अनेक जन्मों के पाप आदि दूर हो जाते हैं।

काशी विश्वेश्वर लिंग ज्योतिर्लिंग है जिसके दर्शन से मनुष्य परम ज्योति को पा लेता है। सभी लिंगों के पूजन से सारे जन्म में जितना पुण्य मिलता है, उतना केवल एक ही बार श्रद्धापूर्वक किए गए 'विश्वनाथ' के दर्शन-पूजन से मिल जाता है। माना जाता है कि सैकड़ों जन्मों के पुण्य के ही फल से विश्वनाथजी के दर्शन का अवसर मिलता है। मान्यता है कि शिव के त्रिशूल की नोंक पर वाराणसी शहर बसा है। गंगा नदी के तट पर विद्यमान श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में वैसे तो सालभर यहां श्रद्धालुओं द्वारा पूजा-अर्चना के लिए आने का सिलसिला चलता रहता है, लेकिन सावन आते ही इस मोक्षदायिनी मंदिर में देशी-विदेशी श्रद्धालुओं का जैसे सैलाब उमड़ पड़ता है। विभिन्न धार्मिक ग्रंथों में उपलब्ध जानकारी के मुताबिक यह सिलसिला प्राचीनकाल से चला आ रहा है। इस मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए आने वालों में आदिशंकराचार्य, संत एकनाथ, रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, महर्षि स्वामी दयानंद, गोस्वामी तुलसीदास जैसे सैकड़ों महापुरुष शामिल हैं।

वर्ष 1676 ई. में रीवा नरेश महाराजा भावसिंह तथा बीकानेर के राजकुमार सुजानसिंह काशी यात्रा पर आए थे। उन्होंने विश्वेश्वर के निकट ही शिवलिंगों को स्थापित किया। हिन्दू वास्तुकला की यह अनमोल धरोहर इंदौर की महारानी अहिल्याबाई द्वारा वर्ष 1780 ई. में बनवाई गई थी। मंदिर का निर्माण वर्ष 1780 में भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी को पूर्ण हुआ था। वर्तमान मंदिर का स्वरूप और परिसर आज मूल रूप से वैसे का वैसा ही है, जैसा कि महारानी अहिल्याबाई द्वारा वर्ष 1780 ई. में बनवाया गया होगा। पंजाब के महाराजा रणजीतसिंह ने वर्ष 1853 में 1,000 किलोग्राम शुद्ध सोने से मंदिर के शिखरों को स्वर्ण मंडित किया जिसका स्वरूप आज भी विद्यमान है।

मोक्ष लक्ष्मीविलास मंदिर के ही समान इस मंदिर में 5 मंडप बनाने का प्रयत्न किया गया लेकिन विश्वनाथजी के कोने में होने के कारण पूर्व दिशा में मंडप नहीं बन पाया। यही वजह है कि पूर्व दिशा में मंदिर का विस्तार किया गया है। इस विस्तृत प्रांगण में दोनों ओर शाला मंडप निर्मित हैं। हालांकि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मंदिर परिसर का विस्तार किया जा रहा है। मंदिर के शिखर पर जहां तक स्वर्णमंडन हुआ है, उसके नीचे के भाग को भी स्वर्णमंडित किए जाने का प्रयत्न वर्तमान मंदिर प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। श्रुति स्मृति इतिहास तथा पुराणादि के अनुसार काशी सकल ब्रह्मांड के देवताओं की निवास स्थली है, जो शिव को अत्यंत प्रिय है। काशी में शिव के अनेकानेक रूप विग्रह, लिंग आदि की पूजा-अर्चना की जाती है। शिवपुराण के अनुसार काशी में देवाधिदेव विश्वनाथजी का पूजन-अर्चन सर्व पापनाशक, अनंत अभ्युदयकारक, संसाररूपी दावाग्नि से दग्ध जीवरूपी वृक्ष के लिए अमृत तथा भवसागर में पड़े प्राणियों के लिए मोक्षदायक माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि वाराणसी में मनुष्य के देहावसान पर स्वयं महादेव उसे मुक्तिदायक तारक मंत्र का उपदेश करते हैं। पौराणिक मान्यता है कि काशी में लगभग 511 शिवालय प्रतिष्ठित थे। इनमें से 12 स्वयंभू शिवलिंग, 46 देवताओं द्वारा, 47 ऋषियों द्वारा, 7 ग्रहों द्वारा, 40 गणों द्वारा तथा 294 अन्य श्रेष्ठ शिवभक्तों द्वारा स्थापित किए गए हैं। काशी या वाराणसी भगवान शिव की राजधानी मानी जाती है इसलिए अत्यंत महिमामयी भी है। अविमुक्त क्षेत्र, गौरीमुख, त्रिकंटक विराजित, महाश्मशान तथा आनंद वन प्रभृति नामों से मंडित होकर गूढ़ आध्यात्मिक रहस्यों वाली है।

51 शक्ति पीठ में से है सुरकंडा देवी मंदिर

इंद्र ने साम्राज्य वापस पाने से लिए यहीं की थी आराधना

देवभूमि उत्तराखंड के टिहरी जनपद में स्थित जौनुपर के सुरकुट पर्वत पर सुरकंडा देवा का मंदिर है। यह मंदिर देवी दुर्गा को समर्पित है जो कि नौ देवी के रूपों में से एक है। यह मंदिर 51 शक्ति पीठ में से है। इस मंदिर में देवी काली की प्रतिमा स्थापित है। केदारखंड व स्कंद पुराण के अनुसार राजा इंद्र ने यहां मां की आराधना कर अपना खोया हुआ साम्राज्य प्राप्त किया था। यह स्थान समुद्रतल से करीब 3 हजार मीटर ऊंचाई पर है इस कारण यहां से बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमनोत्री अर्थात चारों धामों की पहाड़ियां नजर आती हैं। इसी परिसर में भगवान शिव एवं हनुमानजी को समर्पित मंदिर भी है। ऐसी मान्यता है कि नवरात्रि व गंगा दशहरे के अवसर पर इस मंदिर में देवी के दर्शन से मनोकामना पूर्ण होती है।

यहां गिरा था देवी सती का सिरः पौराणिक कथाओं के अनुसार, देवी सती ने उनके पिता दक्षेस्वर द्वारा किए यज्ञ कुण्ड में अपने प्राण त्याग दिए थे, तब भगवान शंकर देवी सती के मृत शरीर को लेकर पूरे ब्रह्माण के चक्कर लगा रहे थे। इसी दौरान भगवान



विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र से सती के शरीर को 51 भागों में विभाजित कर दिया था, जिसमें सती का सिर इस स्थान पर गिरा था, इसलिए इस मंदिर को श्री सुरकंडा देवी मंदिर कहा जाता है। सती के शरीर भाग जिस जिस स्थान पर गिरे थे इन स्थानों को शक्ति पीठ कहा जाता है।

औषधीय गुणों से भरपूर प्रसादः सुरकंडा देवी मंदिर की एक खास विशेषता यह बताई जाती है कि भक्तों को प्रसाद के रूप में दी जाने वाली रौंसली की पत्तियां औषधीय गुणों भी भरपूर होती हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार इन पत्तियों से घर में सुख समृद्धि आती है। क्षेत्र में इसे देववृक्ष का दर्जा हासिल है। इसीलिए इस पेड़ की लकड़ी को इमारती या दूसरे व्यावसायिक उपयोग में नहीं लाया जाता। सिद्धपीठ मां सुरकंडा मंदिर पुजारी रमेश प्रसाद लेखवार का कहना है कि वैसे तो हर समय मां के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त होता है, लेकिन गंगादशहरे व नवरात्र के मौके पर मां के दर्शनों का विशेष महत्व माना गया है। मां के दर्शन मात्र से समस्त कष्टों का निवारण होता है। जहां गंगादशहरे पर विशाल मेला लगता है और दूर-दूर से लोग मां के दर्शन करने मंदिर पहुंचते है।

साल भर खुले रहते हैं कपाटः मां के दरबार से बद्रीनाथ, केदारनाथ, तुंगनाथ, चौखंबा, गौरीशंकर, नीलकंठ आदि सहित कई पर्वत श्रृखलाएं दिखाई देती हैं। मां सुरकंडा देवी के कपाट साल भर खुले रहते हैं।

वायु मार्गः यहां से सबसे नजदीकी हवाई अड्डा जौलीग्राट है। यहां से बस या टैक्सी मिल जाएगी।

रेलमार्गः यहां से सबसे नजदीक रेलवे स्टेशन ऋषिकेश, हरिद्वार व देहरादून है। यहां से आप बस या टैक्सी से मंदिर तक पहुंच सकते हैं

सड़क मार्गः मां सुरकंडा मंदिर पहुंचने के लिए हर जगह से वाहनों की सुविधा है। देहरादून से वाया मसूरी होते हुए 73 किमी दूरी तय कर कद्दूखाल पहुंचना पड़ता है। यहां से दो किमी पैदल दूरी तय कर मंदिर पहुंचना पड़ता है। ऋषिकेश से वाया चंबा होते हुए 82 किमी की दूरी तय कर भी यहां पहुंचा जा सकता है।

तोंद और बढ़ते वजन से हैं परेशान, रोजाना

मोटापा और वजन बढ़ना..ये दो ऐसी चीजें हैं जिनसे ज्यादातर लोग परेशान हैं। मोटापा कम करने और वजन घटाने के लिए हम क्या-क्या तरकीब नहीं अपनाते। तरह-तरह के डायट लेते हैं, एक्सर्साइज करते हैं और यहां तक कि डायटिंग तक करते हैं, लेकिन उस हद तक कामयाबी नहीं मिल पाती, जिस हद तक जरूरी होती है। बढ़ती तोंद और वजन कम करना बेहद जरूरी है क्योंकि यह कई बीमारियों को जन्म देता है। इससे न सिर्फ हार्ट संबंधी बीमारियों, स्ट्रोक और हाई ब्लड प्रेशर की समस्या पैदा हो जाती है, बल्कि डायबीटीज और कलेस्ट्रॉल भी शरीर में जमा हो जाता है। तो आखिर वजन कम किया कैसे जाए? इसके लिए आपको ऐसी चीजें खाने की जरूरत है, जिनमें कैलरी भी कम हो और फैट भी। जैसे कि तरबूज, खीरा, ककड़ी आदि। अब गर्मियों का मौसम है, इसलिए ऐसी चीजें खाने से ही आप वजन कम करने में कामयाब हो पाएंगे।

चलिए आज हम आपको बताएंगे कि कैसे खीरे का जूस वजन घटाने और निकली हुई तोंद को कम करने में मदद कर सकता हैः-

- खीरे के जूस में कोई सोडियम नहीं होता और यह प्राकृतिक रूप से डाइयुरेटिक होता है। इसी खूबी की वजह से यह शरीर में मौजूद जहरीले तत्व और फैट सेल्स को रिमूव कर देता है। साथ ही यह ब्लॉटिंग होने से भी बचाता है। अगर आपको भूख लगी है तो उस वक्त 2 खीरे काटकर खा लें। इससे काफी देर के लिए आपकी भूख शांत हो जाएगी। खीरे में पोटेशियम, फाइबर, विटामिन सी, के, मैग्निशियम और विटामिन ए होता है, जो शरीर को पोषण देने के लिए जरूरी हैं।



- रोजाना सुबह खाली पेट खीरे का जूस पिएं। इससे काफी वजन कम करने में मदद मिलती है। खीरे का जूस बनाने के लिए एक खीरा लें और उसमें थोड़ा सा नींबू, एक चुटकी काला नमक, एक चुटकी काली मिर्च, थोड़ा सा पुदीना डाल लें और ब्लेंड कर लें। इससे यह जूस टेस्टी बनेगा और आप रोजाना इसे सुबह खाली पेट पी पाएंगे।
- खीरे का जूस आपके मेटाबॉलिज्म को भी सुधारता है। मेटॉबॉलिज्म सही रहता है तो खाने की पाचन क्रिया भी ठीक रहती है और वह आसानी से बॉडी में अब्जॉर्ब भी हो जाता है।
- खीरे के जूस में जरा भी फैट नहीं होता और इसलिए आप निश्चिंत होकर इस हेल्दी जूस का सेवन कर सकते हैं। बेहतर परिणाम के लिए इसे आप रोजाना अपने डायट में शामिल कर लें। खासकर खाली पेट पीने से काफी फायदा होगा।
- न्यूट्रिशनिस्ट ने भी वजन घटाने के लिए खीरे के जूस को काफी फायदेमंद बताया है। हालांकि यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप खीरे का सेवन किस तरह से करते हैं।

स्वामी, प्रकाषक, मुद्रक विवेक श्रीवास्तव द्वारा ओम साई क्रियेषन्स, आषा काम्प्लवे स, इन्दिरा नगर लखनऊ से मुद्रित एवं पहला तल, निधि काम्प्लेक्स, विकास नगर लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाषित।
RNI No.UPHIN/2015/6090 सम्पादक- विवेक श्रीवास्तव, फोन नं0- 8004949556, 7570901365 Email. info@theachievertimes.com किसी भी वाद विवाद का निस्तारण लखनऊ न्यायालय ही मान्य होगा।

समाचार-पत्र का मुख्य उद्देय ग्रामीण भारत का सत प्रतिशत मीडिया कवरेज कर समाज में फैला भ्रष्टाचार् समाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों को अपने स्तर पड़ताल करके सम्बन्धित उच्चअधिकारियों को ध्यानकर्षण कर उन्हें समाप्त कराना है।